हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## एनआरआई कोटे में अब नहीं चलेगी दूर की रिश्तेदारी

## हरिभूमि की खबर का ऐतिहासिक असर

### माता-पिता का सर्टिफिकेट होगा मान्य

एमबीबीएस सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए नए नियम के मुताबिक माता-पिता का विदेश में निवास करना ही मान्य किया जाएगा। यानी अब दूर की रिश्तेदारी इस कोटे का लाभ लेने के लिए मान्य नहीं की जाएगी। इस मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जल्द ही आदेश जारी करने की तैयारी की जा रही है, जिसके बाद स्थगित काउंसिलिंग पुनः प्रारंभ की जाएगी।

# छग में लागू होगा सुप्रीम कोर्ट का आदेश, दूसरे राउंड की एनआरआई सीटों पर रोक, बदल जाएगा सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दशकों से चला आ रहा एनआरआई कोटे की धांधली छत्तीसगढ़ में खत्म हो जाएगी। पंजाब सरकार के लिए लागू किया गया सुप्रीम कोर्ट का आदेश छत्तीसगढ़ में लागू होगा। हरिभूमि की खबर के बाद हरकत में आई सरकार ने महाधिवक्ता से विधिक राय मांगी थी। स्वास्थ्यमंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि महाधिवक्ता का अभिमत ▶▶| शेष पेज 4 पर

हरिभूमि सबसे पहले


मेधावी छात्रों को 449 अंकों पर सीट नहीं एनआरआई कोटे से 137 में एमबीबीएस

पैसे का खेल...

बदलेगा एनआरआई कोटे का सिस्टम, तब तक मॉपअप अलॉटमेंट स्थगित

### विधिक राय मिली, कार्यवाही कर रहे

विधिक सलाह मिल चुकी है, इस आधार पर 24 सितंबर के बाद के एनआरआई कोटे के एडमिशन पर ऐसे प्रमाणपत्र के उपयोग पर रोक लगाई जाएगी। दूसरे राउंड में हुए एडमिशन के दस्तावजों की जांच की जाएगी। एडमिशन के लिए एमसीआई से भी गाइडलाइन ली जाएगी।

\- श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री

फैक्ट फाइल

### राज्य में एनआरआई की 103 सीट

राज्य में वर्तमान में पांच निजी मेडिकल कालेज संचालित हो रहे हैं। एकमात्र कालेज में अप्रवासी भारतीय कोटे की 15 सीट है और बाकी चार में 22 सीट निर्धारित है। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग तक 93 सीटों पर प्रवेश पूरा कर लिया गया था, शेष 10 सीटों पर एडमिशन मॉपअप के माध्यम से दिया जाना था। मॉपअप राउंड के आवंटन को मंगलवार को स्थगित करने का आदेश जारी किया गया था।

### खाली सीटें सामान्य छात्रों को

काउंसिलिंग के दौरान अगर निजी मेडिकल कालेज में एनआरआई कोटे की सीट खाली रह जाती है, तो उसका आवंटन नीट के आधार पर सफल सामान्य छात्रों को किया जाएगा। इसका सीधा लाभ प्रदेश के उन मेधावी छात्रों को मिलेगा, जो थोड़े कम अंक की वजह से एडमिशन से चूक जाते हैं।

### लगेगी धांधली पर रोक

पुराने नियम के आधार पर एनआरआई कोटे से एडमिशन के नाम पर एक करोड़ से ज्यादा राशि में एमबीबीएस की सीट बेचने का गोरखधंधा इस आदेश के लागू होने के बाद थम जाएगा। अब तक वर्ष 2018 के नियम के आधार पर इस श्रेणी की सीटों का आवंटन किया जाता था, जिसका लाभ ऐसे छात्र भी उठाते थे जो अपात्र थे।




## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ आईपीएस प्रवीण विशेष सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी प्रवीण वशिष्ठ को गृह मंत्रालय में नया विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। आईपीएस के 1991 बैच के बिहार कैडर के अधिकारी वशिष्ठ अभी गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में काम कर रहे हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अतिरिक्त सचिव के रूप में वशिष्ठ के कार्यकाल में कटौती को मंजूरी दे दी।

### कच्छ की कंपनी में दम घुटने से 5 की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में मंगलवार देर रात एक कृषि प्रौद्योगिकी कंपनी में अपशिष्ट उपचार टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से पांच कामगारों की मौत हो गई। सभी की उम्र करीब 30 वर्ष थी। घटना देर रात एक बजे हुई जब ये सभी कामगार कंपनी के अपशिष्ट उपचार संयंत्र की सफाई कर रहे थे।

## साय कैबिनेट में कई अहम फैसले, पुलिस भर्ती के लिए आयु में पांच बरस छूट

# धान खरीदी 14 से, सियासत से जुड़े 49 केस वापस, शिक्षक परिवारों की अनुकंपा पर मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। सरकार ने तय किया है कि राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवंबर से की जाएगी। एक अन्य फैसले के मुताबिक अब राज्य में ग्रामीण पेयजल से संबंधित व्यवस्था का जिम्मा पंचायतों और ग्राम सभाओं के हवाले कर दिया गया है। सरकार ने विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों को जनहित में न्यायालय से वापस लिये जाने के संबंध में गठित मंत्रिपरिषद की उपसमिति द्वारा अनुशंसित 49 प्रकरणों को न्यायालय से वापस लिए जाने का निर्णय लिया है।

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा कस्टम मिलिंग की नीति का अनुमोदन किया गया। मंत्रिमण्डलीय उप समिति की अनुशंसा के आधार पर राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान समर्थन मूल्य पर राज्य के किसानों से नगद एवं लिंकिंग में धान खरीदी 14 नवम्बर 2024 से प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। राज्य में धान खरीदी 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। ▶▶| शेष पेज 4 पर






### 160 लाख मीट्रिक टन की खरीदी

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कृषि विभाग द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसान पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, जो 31 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। वर्ष 2024-25 में 160 लाख टन धान के उपार्जन का अनुमान है। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था पूर्व वर्ष की भांति लागू रहेगी। मंत्रिपरिषद में खरीदी केन्द्रों में धान के नियंत्रित एवं व्यवस्थित रूप से उपार्जन के लिए सीमांत एवं लघु कृषकों को अधिकतम दो टोकन तथा दीर्घ कृषकों को अधिकतम तीन टोकन दिए जाएंगे। सभी खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र के माध्यम से धान खरीदी होगी।

### होलोग्राम अब केंद्र के उपक्रम से खरीदेंगे

देशी विदेशी मदिरा बोतलों पर चस्पा किये जाने के लिए होलोग्राम में अधिक सुरक्षात्मक फीचर्स उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के उपक्रम भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नासिक रोड (महाराष्ट्र) से होलोग्राम क्रय करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य की औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोजेक्ट्स, एथेनॉल इकाइयों एवं कोर सेक्टर के सीमेंट उद्योगों के लिये विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज के निर्धारण का अनुमोदन किया गया।

### पुलिस भर्ती में आयु में छूट केवल एक बार

मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2021 के नियम 8 (2) में सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर के पद पर नियुक्ति हेतु भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में केवल एक बार के लिए अभ्यार्थियों की निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

### डाटा एंट्री ऑपरेटरों को मानदेय

मंत्रिपरिषद की बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में सहकारी समितियों में कार्यरत डाटाएन्ट्री ऑपरेटरों को 18,420 रूपए प्रतिमाह के मान से कुल 12 माह का मानदेय भुगतान का निर्णय लिया गया।

### शिक्षक परिवारों को अनुकंपा नियुक्तियां

दिवंगत शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के कर्मचारियों के पात्र आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसके तहत ऐसे शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के कर्मचारी जिनकी मृत्यु सेवाकाल में हो गई थी और जिनके आश्रित नियमानुसार अनुकम्पा हेतु पात्र है, उन्हें छत्तीसगढ़ शिक्षक (पंचायत) संवर्ग नियम 2018 के आधार पर पात्रता अनुसार अनुकम्पा नियुक्ति दी जाएगी। ऐसी स्थिति में स्कूल शिक्षा विभाग से पद पूर्ति के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पद प्रदाय करने के पूर्व के आदेश को शिथिल करने का निर्णय भी लिया गया है, ताकि दिवंगत के पात्र आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जा सके।

## इधर, केंद्र सरकार ने किसानों पर बरसाया धन

## गेहूं समेत छह फसलों का बढ़ाया समर्थन मूल्य



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को 2025-26 के विपणन सत्र के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 150 रुपए बढ़ाकर 2,425 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया। यह कदम प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले विपणन सत्र 2025-26 के लिए छह रबी फसलों के एमएसपी में 130 रुपए से 300 रुपए प्रति क्विंटल तक की वृद्धि की मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, खरीफ फसलों की तरह, रबी फसलों के लिए एमएसपी में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है।

### कितनी बढ़ोतरी

| | |
|---|---|
| सरसों- | 300 रुपए |
| मसूर- | 275 रुपए |
| चना- | 210 रुपए |
| गेहूं- | 150 रुपए |
| कुसुम - | 140 रुपए |
| जौ- | 130 रुपए |

### वाराणसी में सबसे चौड़ा रेल-रोड पुल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में गंगा पर देश का सबसे चौड़ा रेल और रोड पुल बनाया जाएगा। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को इसकी मंजूरी दे दी। गंगा पर 137 साल पुराने मालवीय पुल के ठीक बगल में बनने वाले इस पुल पर ऊपर छह लेन की सड़क और नीचे चार लाइन का रेल ट्रैक होगा।

## फांसी पर लटका मिला था शव

# हत्या को आत्महत्या दिखाने की थी नाकाम कोशिश

## लोहारीडीह हत्याकांड का हुआ खुलासा

*सनसनीखेज लोहारीडीह निवासी शिवप्रसाद उर्फ कचरु साहू के अंधे कत्ल का बालाघाट पुलिस ने किया खुलासा*

*मृतक कचरू साहू की पुत्री लगातार पिता की हत्या की आशंका जता रही थी*

*अपने राज्य की सीमा के बाहर हत्या करने की थी पूर्व योजना, समाज से लंबे समय तक बाहर रखना बना मृत्यु का मुख्य कारण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

- शॉर्ट पीएम रिपोर्ट ने मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ पुलिस को उलझाया

हरिभूमि फॉलोअप

रेंगाखार थाना के लोहारीडीह हत्या काण्ड मामले में बड़ा खुलासा मध्यप्रदेश की बालाघाट पुलिस ने किया है। शिवप्रसाद उर्फ कचरू साहू ने आत्महत्या नहीं, बल्कि उसकी हत्या कर घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए लाश को फांसी के फंदे पर लटका दिया था। जिला बालाघाट थाना बिरसा पुलिस ने शिवप्रसाद उर्फ कचरू साहू की हत्या के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक कचरू का सहपाठी एवं अन्य तीन में से लोहारीडीह अग्निकाण्ड में मारे गए रघुनाथ साहू का बेटा दिनेश व दो अन्य रिश्तेदार शामिल है।

पुलिस ने बताया कि मृतक कचरू साहू की पुत्री लगातार जता रही थी अपने पिता की हत्या की आशंका। पुलिस को मिली शॉर्ट पीएम रिपोर्ट ने भी मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ पुलिस को उलझाया। विगत 15 सितम्बर को बिरसा थाना ▶▶| शेष पेज 4 पर



### संदेहियों से पूछताछ

जांच के दौरान संदेहियों से लगातार पूछताछ की गई, लेकिन संदेहियों के द्वारा गुमराह किया जाता रहा, लेकिन संदेही टेकचंद पटेल द्वारा बताए गए कथन एवं उसके सीडीआर के जांच से उसकी गतिविधि के संबंध में संदेह हुआ और प्रारंभिक जानकारी मिली।



### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

बालाघाट पुलिस ने बताया कि दिनेश और रोमन काफी दिनों से उस ताक में थे कि कैसे शिवप्रसाद की हत्या की जाए। शिवप्रसाद उर्फ कचरू के पलों के गतिविधि की बारीकी से रेकी की गई, जिसमें उसके आने-जाने उठने-बैठने के संबंध में जानकारी लिया। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### समाज से बाहर कर दिया गया था

आरोपी दिनेश एवं रोमन ने पूछताछ में बताया कि शिवप्रसाद उर्फ कचरु साहू वर्तमान साहू समाज का लोहारीडीह सर्कल का अध्यक्ष था। हमारे परिवार को समाज से बाहर कर परेशान कर दिया था। उनके बताए अनुसार कुछ दिन पूर्व दिनेश साहू के परिवार को समाज में शामिल किया गया ▶▶| शेष पेज 4 पर

## अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता

सीएम साय बोले-छत्तीसगढ़ की सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध

भारतीय क्रिकेट स्टार सूर्यकुमार यादव ने छत्तीसगढ़ में वन संरक्षण के प्रयासों को सराहा




रायपुर। राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा में बुधवार को अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने माता कौशल्या की धरती में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस आयोजन के लिए वन विभाग की मेहनत काबिले तारीफ है। अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के भारतीय कप्तान सूर्य कुमार यादव ने जय जोहर के उद्बोधन से अपनी बात रखी।

## आदिवासी विकास की पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



### डीएमएफ घोटाला

डीएमएफ फंड घोटाला मामले में ईडी ने कोरबा में आदिवासी विकास विभाग के पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर माया वारियर को गिरफ्तार कर ईडी की विशेष अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। कोर्ट ने ईडी के आवेदन पर माया से पूछताछ करने 23 अक्टूबर तक रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। ईडी के वकील डॉ. सौरभ ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कोल घोटाला मामले में पूछताछ

ईडी के वकील के अनुसार कोल घोटाला मामले की जांच में महत्वपूर्ण दस्तावेजी साक्ष्य के साथ लोगों ने अपने बयान दर्ज कराए हैं। इस वजह से इस मामले को लेकर ईडी के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सात और विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के जरिए विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिल रही हैं। बुधवार को देश में सात विमानों को धमकियां मिली। इसके बाद विमानों को डायवर्ट किया गया। बुधवार को इंडिगो की चार, स्पाइसजेट की 2 और अकासा की एक फ्लाइट शामिल है। दिल्ली पुलिस ने अब तक छह एफआईआर दर्ज की है।

## हाईकोर्ट ने नियुक्ति पत्र जारी करने का दिया आदेश

# एसआई पद पर चयनित 975 उम्मीदवारों को दिवाली का तोहफा, 15 दिनों में नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेश में पिछले 6 साल से रुकी सब इंस्पेक्टर की नियुक्ति प्रक्रिया अब दिवाली तक पूरी की जाएगी। बुधवार को हुई सुनवाई में शासन की ओर से इसके लिए 10 दिन की समय की मांग की गई है। जस्टिस एनके व्यास की एकलपीठ ने 15 दिन का समय देते हुए दिवाली से पहले पूरा रिजल्ट और नियुक्ति पत्र जारी करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि इससे पहले हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज करते हुए ▶▶| शेष पेज 4 पर

*कोर्ट ने कहा - युवाओं को रोजगार देने के लिए 15 दिन के भीतर नियुक्ति आदेश जारी करें*



### प्लाटून कमांडर की मैरिट में पुरुषों को मौका

मैरिट सूची में शामिल उम्मीदवारों ने भी हाईकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की थी। सिलेक्ट कैंडिडेट्स का पक्ष रखते हुए कहा था, कि व्यापमं ने सभी प्रक्रियाओं का पालन कर एग्जाम लिया है। इसके बाद इंटरव्यू लेकर मेरिट सूची जारी की गई। उन्होंने सिलेक्ट उम्मीदवारों को नियुक्ति आदेश जारी करने की मांग की थी। मामले में हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 6 साल में पूरी नहीं हो पाई भर्ती प्रक्रिया

*ज्ञात हो कि पुलिस विभाग में पिछले 6 साल से एसआई की भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। इस बीच साल 2021 में पुलिस विभाग में सूबेदार, सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर समेत अन्य 975 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें से प्लाटून कमांडर के 247 पदों पर भर्ती होनी थी। विज्ञापन में स्पष्ट रूप से* ▶▶| शेष पेज 4 पर





केंद्र सरकार का बड़ा आदेश

# वीआईपी सुरक्षा से हटेंगे एनएसजी कमांडो, सीआरपीएफ संभालेगी कमान

## योगी, राजनाथ, रमन, आडवाणी सहित 9 वीआईपी को मिल रही है यह सुरक्षा


*केंद्र सरकर ने सभी वीआईपी सिक्योरिटी ड्यूटी से एनएसजी कमाडो को हटाने का फैसला लिया है। वीआईपी की सिक्योरिटी कमान अब सीआरपीएफ के हवाले होगा। एनएसजी कमांडो का इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए किया जाएगा। अगले महीने से यह आदेश लागू हो जाएगा।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा से सेवामुक्त हुए सीआरपीएफ जवानों को स्पेशल ट्रेनिंग दिलाकर उन्हें सीआरपीएफ वीआईपी सिक्योरिटी विंग में भेजा गया है। इसके लिए नई बटालियन बनाई गई है। अब ये जवान वीआईपी की सुरक्षा करेंगे। इस समय 9 जेड-प्लस कैटेगरी के वीआईपी है, जिनकी सिक्योरिटी एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो करते हैं।

**सीआरपीएफ के पास 6 सिक्योरिटी बटालियन, अब सातवीं बनाई गई**

सीआरपीएफ के पास पहले से छह वीआईपी सिक्योरिटी बटालियन मौजूद है। नई बटालियन के साथ ये सात हो जाएंगी। नई बटालियन कुछ महीने पहले तक संसद की सुरक्षा में लगी थी। अब यह काम सीआईएसएफ को सौंपा गया है।



**इनके पास एनएसजी की सिक्योरिटी :** वर्तमान में एनएसजी की सिक्योरिटी केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, बसपा सुप्रीमो मायावती, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह, जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद, एनसी नेता फारुक अब्दुल्लाह, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के पास है।

**राजनाथ और योगी के पास एडवांस्ड सिक्योरिटी लाइसन**

एनएसजी सिक्योरिटी वाले 9 वीआईपी में से दो यानी राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ के पास एडवांस्ड सिक्योरिटी लाइसन (एएसएल) प्रोटोकॉल है, जिसे अब सीआरपीएफ ने टेकओवर कर लिया है। एएसएल मतलब किसी वीआईपी के किसी जगह पहुंचने से पहले उस जगह की छानबीन, सिक्योरिटी जांच, लोकेशन आदि की सुरक्षा जांच होती है। सीआरपीएफ अब ये सारा काम इन दोनों नेताओं के लिए करेगी। इसके पहले सीआरपीएफ अभी तक एएसएल का काम गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और गांधी परिवार के तीनों सदस्य के लिए करती रही है।

### 2012 से चल रही थी तैयारी

देश में लगातार हो रहे आतंकी हमलों के बीच वीआईपी की सिक्योरिटी तनाव का विषय है। ऐसे में जरूरत दोनों तरफ थी। काफी सोचविचार करने के बाद सीआरपीएफ के सिक्योरिटी विंग को वीआईपी सुरक्षा में तैनात करने का फैसला लिया गया। खास ट्रेनिंग कराई गई. एनएसजी को अब आतंकरोधी मिशन में ही तैनात किया जाएगा।

### एनएसजी से बनाई जाएगी खास स्ट्राइक टीम

सरकार की योजना है कि एनएसजी कमांडों में से चुने हुए जवानों की खास एलीट फोर्स बनाई जाएगी। जिसे स्ट्राइक टीम कहा जाएगा। ताकि हाई-रिस्क एरिया की सिक्योरिटी या आतंकी हमले का जवाब देने लायक टीम बन सके. ये टीम अयोध्या के राम मंदिर समेत देश के सभी महत्वपूर्ण इमारतों की सुरक्षा भी करेगी। एनएसजी को दो दशक पहले वीआईपी सिक्योरिटी में लगाया गया था।

## खबर संक्षेप

### रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट से जया प्रदा बरी



**नईदिल्ली।** सिने अभिनेत्री और रामपुर की पूर्व सांसद जया प्रदा को एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को बरी कर दिया। लोकसभा चुनाव के दौरान उन पर आचार संहिता में सड़क का उद्घाटन और रोड शो करने का आरोप लगा था। 5 साल बाद फैसला आने पर जया प्रदा ने कहा की उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया था। षड्यंत्र करने वालों को वह सबक सिखाऊंगी। पूर्व सांसद जया प्रदा के खिलाफ जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला विचाराधीन था। इस मामले में फाइनल बहस पूरी हो चुकी थी। बुधवार को इस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट के अपर सिविल जज शोभित बंसल ने फैसला सुनाते हुए उनको बरी कर दिया।

### आबादी ने बदल दिए लोकतंत्र के मायने : धनखड़



**नई दिल्ली।** देश के कई इलाकों में कुछ इस तरह राजनीतिक किलेबंदी की गई है। जिसके वजह से लोकतंत्र का कोई मायने ही नहीं बचा है। ऐसे इलाकों में चुनाव से पहले परिणाम तय हो जाता है कि नतीजा क्या होगा। ये सभी बाते देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जयपुर में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में जनसंख्या के अनुपात में तेजी से बदलाव आ रहा है। जो सभी के लिए चिंता का विषय है।

### पाक में बम विस्फोट पांच पुलिसकर्मी घायल

**पेशावर।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को पुलिस के वाहन को निशाना बनाकर रिमोट के जरिये किए गए विस्फोट में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। आतंकियों ने पहाड़ी जिले बुनेर के कानकोई मंदनार इलाके में मोबाइल पुलिस वैन को निशाना बनाया। इस हमले में एक उप निरीक्षक समेत पांच पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना प्रांत के बन्नू जिले में प्रतिबंधित टीटीपी के आतंकवादियों द्वारा पुलिस लाइन पर हमला करने के दो दिन बाद हुई है, उस हमले में पुलिस के साथ उनकी मुठभेड़ हुई थी और चार पुलिसकर्मी मारे गए थे।

**एससीओ बैठक में जयशंकर ने पाकिस्तान को घेरा**

# 'साथ-साथ नहीं चल सकते आतंकवाद और व्यापार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को उसी की धरती से परोक्ष संदेश देते हुए बुधवार को कहा कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान-चीन का नाम लिए बिना कहा कि सभी देशों को एक दूसरे की सीमाओं का सम्मान करने की जरूरत है। यदि एससीओ के मेंबर देशों के बीच दोस्ती में कमी आई है और पड़ोसी से संबंध बिगड़े हैं तो इस पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हमारे बीच भरोसे में कमी आई है तो हमें अपने अंदर झांकने और इसकी वजह समझने की जरूरत है। विदेश मंत्री ने इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ देशों के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के 23वें शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की।

**खास बातें**

- चीन का नाम लिए बिना कहा- बॉर्डर का सम्मान करने की जरूरत
- शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन का हुआ समापन
- करीब एक दशक में किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री द्वारा की गई यह पहली पाकिस्तान यात्रा



### लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बीच रखी बात

जयशंकर मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। वह करीब एक दशक में पाकिस्तान की यात्रा करने वाले पहले भारतीय विदेश मंत्री हैं। शरीफ ने एससीओ के सम्मेलन को सबसे पहले संबोधित किया जिसके तुरंत बाद जयशंकर ने सम्मेलन में अपनी बात रखी। इस सम्मेलन में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग भी शामिल हुए। जयशंकर ने ये टिप्पणियां पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच जारी सैन्य गतिरोध और हिंद महासागर एवं अन्य रणनीतिक जलक्षेत्रों में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत को लेकर चिंताओं के बीच की। उन्होंने कहा, 'यदि सीमा पार की गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद से जुड़ी हैं तो उनके साथ-साथ व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, संपर्क और लोगों के बीच आपसी लेन-देन को बढ़ावा मिलने की संभावना नहीं है।'

### जयशंकर के भाषण पर बंद हुआ लाइव प्रसारण

पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में इस बार दो दिवसीय (15 से 16 अक्टूबर तक) एससीओ सम्मेलन पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हुआ। इसमें पाक पीएम के ठीक बाद भारतीय विदेश मंत्री का संबोधन हुआ। इस दौरान ये जानकारी भी सामने आई कि जब विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर का भाषण हुआ तो उस वक्त पाकिस्तान टीवी का लाइव प्रसारण बंद कर दिया गया। बीते करीब एक दशक में किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री द्वारा की गई यह पहली पाकिस्तान यात्रा थी। इससे पहले वर्ष 2015 में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान गई थीं।

### चीन की 'बेल्ट एंड रोड पहल' का भारत ने फिर किया विरोध

भारत ने बुधवार को एक बार फिर चीन की महत्वाकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' (ओबीओआर) पहल का समर्थन करने से इंकार कर दिया। इसके साथ ही वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का एकमात्र देश बन गया है, जिसने इस विवादास्पद संपर्क परियोजना का समर्थन नहीं किया है। ओबीओआर परियोजना में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) शामिल है जो कश्मीर के, पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से से होकर गुजरता है। इस्लामाबाद द्वारा आयोजित एससीओ के शासनाध्यक्ष परिषद के सम्मेलन के अंत में जारी एक संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया कि रूस, बेलारूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान ने चीनी संपर्क पहल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि देशों ने परियोजना के कार्यान्वयन पर चल रहे कार्य पर ध्यान दिया, जिसमें यूरेशियाई आर्थिक संघ को ओबीओआर से जोड़ने के प्रयास भी शामिल हैं। भारत पिछले एससीओ सम्मेलनों में भी ओबीओआर का समर्थन करने से इनकार करता रहा है।

#### एससीओ के सदस्य देश

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है जो सबसे बड़े अंतरक्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। भारत, पाकिस्तान के अलावा चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान इसके सदस्य हैं।

नाइजीरिया में बड़ा हादसा

# पेट्रोल टैंकर में विस्फोट से 94 की मौत, 50 घायल



एजेंसी ▶▶| अबुजा (नाइजीरिया)

नाइजीरिया में एक पेट्रोल टैंकर के पलट जाने और उसमें विस्फोट होने से 94 लोगों की मौत हो गई तथा 50 अन्य घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब वाहन के पलटने के बाद दर्जनों लोग ईंधन लेने के लिए उसकी ओर दौड़े थे। घटना मंगलवार देर रात की है, पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता लॉन एडम ने बताया कि यह विस्फोट मध्य रात्रि के बाद जिगावा राज्य के माजिया नगर में हुआ, जब टैंकर चालक ने विश्वविद्यालय के निकट राजमार्ग पर वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया। अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में घातक टैंकर दुर्घटनाएं आम बात हैं, जहां कई स्थानों पर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन नहीं किया जाता है और माल परिवहन के लिए कुशल रेलवे प्रणाली जैसे विकल्पों का अभाव है। ऐसी दुर्घटनाओं के बाद लोगों द्वारा ईंधन इकट्ठा करना भी आम बात है, विशेषकर नाइजीरिया में ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर।

#### घटनास्थल पर शव बिखरे

*पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि जब तेल टैंकर पलटा तो कई लोग उससे तेल चुराने के लिए टैंकर की ओर दौड़े, तभी एक भयंकर आग भड़क उठी, जिसमें 94 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से प्राप्त वीडियो में पूरे क्षेत्र में भीषण आग दिखाई दे रही थी, तथा घटनास्थल पर शव बिखरे हुए दिखाई दे रहे थे।*

# 'जाकिर भगोड़ा है तो कोर्ट में अर्जी कैसे दाखिल की'

## केंद्र ने नाइक की याचिका पर जताई आपत्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत से भगोड़ा घोषित और विवादित धर्म उपदेशक जाकिर नाइक की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई अगले बुधवार तक टली दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में महाराष्ट्र सरकार से हलफनामा दाखिल करने को भी कहा है। अदालत में केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस आदमी (जाकिर नाइक) को भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। इस याचिका पर जाकिर के साइन नहीं हैं। एक घोषित भगोड़ा कैसे याचिका दाखिल कर सकता है? ये याचिका स्वीकार ही नहीं की जानी चाहिए। मुझे बताया गया कि वे याचिका वापस ले रहे हैं। कोई भगोड़ा व्यक्ति एफआईआर को चुनौती देने वाली याचिका कैसे दायर कर सकता है? वहीं, अदालत में पेश हुए जाकिर नाइक के वकील ने कहा कि महाराष्ट्र में 4 और कर्नाटक में 2 एफआईआर हैं। हमें यह कहने के निर्देश हैं कि यदि यह अदालत एफआईआर को रद्द करने के लिए संबंधित हाईकोर्ट जाने इजाजत दे तो हम हाईकोर्ट जा सकते हैं। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि ये याचिकाएं एफआईआर को क्लब करने के लिए हैं। यदि वे रद्दीकरण के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो यह अलग बात है।

#### 2013 का मामला

बता दें कि जाकिर नाइक के खिलाफ मामला 2013 का है। आरोप है कि उस समय जाकिर नाईक ने हिन्दू धर्म के देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। जाकिर के बयान पर देश के पांच राज्यों में मुकदमे दर्ज हुए थे। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट ने जाकिर नाईक को अंतरिम राहत देते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। इसके बाद साल 2016 में नाईक देश छोड़कर फरार हो गया।

### आदेश का पालन नहीं हुआ तो मुख्य सचिव के खिलाफ दर्ज होगा अवमानना का मामला

#### वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने दी हरियाणा और पंजाब को चेतावनी



वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट लगातार सख्त है। शीर्ष अदालत ने हरियाणा सरकार को पिछले आदेश का पालन नहीं करने पर फटकार लगाई। साथ ही चेतावनी दी कि अगर आदेश का पालन नहीं किया गया तो वह हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने के दोषी पाए गए अधिकारियों पर मुकदमा नहीं चलाने पर बुधवार को हरियाणा और पंजाब सरकारों को फटकार लगाई। साथ ही राज्य के मुख्य सचिवों को 23 अक्तूबर को पेश होने और स्पष्टीकरण देने को कहा।

#### मुकदमा चलाने से क्यों कतरा रही सरकार

न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने पूछा कि राज्य सरकार पराली जलाने के लिए लोगों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतरा रही है और लोगों पर मामूली जुर्माना लगाकर उन्हें छोड़ क्यों रही है। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि इसरो आपको वह स्थान बता रहा है, जहां आग लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला। पीठ ने कहा, 'यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। अगर मुख्य सचिव किसी के इशारे पर काम कर रहे हैं तो हम उनके खिलाफ भी समन जारी करेंगे। कुछ भी नहीं किया गया है, पंजाब के साथ भी ऐसा ही है। रवैया स्वीकार्य करने लायक नहीं है।'

# भाजपा ने मूडा घोटाले में सिद्धारमैया खड़गे और राहुल पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाला में ईडी की चार्जशीट में हुए ताजा खुलासे पर कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गाँधी पर करारा हमला बोला। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोक सभा सांसद डॉ संबित पात्रा ने बुधवार को नई दिल्ली पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कर्नाटक में हुए मूडा स्कैम में एक नया पहलू सामने आया है, जिसमें मूडा के चेयरमैन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कुछ दिनों पहले ही कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एमयूडीए द्वारा उन्हें आवंटित मुआवजे की जमीन को वापस करने की पेशकश की थी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा आवंटित जमीन लौटाने का फैसला और मूडा चेयरमैन का अचानक अपने पद से इस्तीफा देना, दोनों घटनाओं से स्पष्ट है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह डूबी हुई है, जिसमें स्वयं मुख्यमंत्री शामिल हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर की गई चार्जशीट में दावा किया गया है कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति और जनजातियों के कल्याण के लिए जो फंड आता है, उसका इस्तेमाल कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने राजनैतिक हितों को साधने के लिए किया गया है।

विराम के बाद फिर अटैक शुरू

# लेबनान में फिर इजराइली हमला, 21 लोगों की मौत


एजेंसी ▶▶| कना (लेबनान)

लेबनान में किये गए इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इन हमलों में, एक दक्षिणी शहर पर की गई बमबारी भी शामिल है जिसमें एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। लेबनान के दक्षिणी हिस्से में एक अन्य स्थान पर, एक शहर के मेयर की भी हमले में मौत हो गई। लेबनानी अधिकारियों ने बताया कि यह हमला राहत प्रयासों में समन्वय के लिए आयोजित बैठक स्थल को निशाना बनाकर किया गया। दक्षिणी शहर कना में मंगलवार देर रात किए गए हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई, जहां 15 लोग मारे गए हैं।

#### छह दिन का विराम

इजराइल ने छह दिन के विराम के बाद बेरूत पर फिर से हमले शुरू किए हैं। यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब एक दिन पहले लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने इजराइल द्वारा राजधानी बेरूत में किए जा रहे हमलों में कमी लाने के कुछ आश्वासन दिए हैं। इजराइल का कहना है कि वह बेरूत के उपनगरों में हिजबुल्ला की संपत्तियों को निशाना बना रहा है जहां यह आतंकवादी समूह मौजूद है।



रायपुर
गुरुवार 17 अक्टूबर 2024
आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
वर्ष : 23, अंक: 92
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 34.0
न्यून. 25.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# कर्मचारियों को दिवाली गिफ्ट, चार फीसदी डीए में इजाफा, अब कुल 50 फीसदी मिलेगा भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को दिवाली का बड़ा तोहफा देते हुए महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ा दिया है। राज्य के 4 लाख से अधिक कर्मचारियों को इससे फायदा होगा। यह 1 अक्टूबर से लागू होगा। इस बढ़ोतरी के बाद अब राज्य के कर्मचारियों को 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। राज्य सरकार को इससे लगभग 65 करोड़ रुपए प्रति माह का अतिरिक्त भार आएगा। कर्मचारी संगठनों ने मांग की है कि जनवरी से डीए की किस्त लंबित थी, अतः राज्य सरकार 9 माह का एरियर्स भी दे। कैबिनेट की बैठक से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महंगाई भत्ता की दर 46 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किए जाने की घोषणा की। अब कर्मचारियों को 4 प्रतिशत बढ़ाकर महंगाई भत्ता दिया जाएगा। महंगाई भत्ते का लाभ एक अक्टूबर से मिलेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के कर्मचारी लंबे समय से केंद्र के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 9 माह का एरियर्स देने की मांग

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने प्रदेश के कर्मचारियों को दीपावली पूर्व 4 प्रतिशत महंगाई देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मोदी की गारंटी के तहत सरकार से देय तिथि जनवरी 2024 से डीए एरियर्स की राशि को भविष्य निधि खाते में ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 1 अक्टूबर से होगा देय

#### शासकीय सेवकों को प्रतिमाह लाभ

| | | |
|---|---|---|
| चतुर्थ श्रेणी | - | 725 से 2000 |
| तृतीय श्रेणी | - | 850 से 3700 |
| द्वितीय श्रेणी | - | 2400 से 7100 |
| प्रथम श्रेणी | - | 3000 से 8500 |



#### दीपावली के पहले कर्मचारियों को तोहफा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को हेलीपैड में संवाददाओं से चर्चा में कहा कि आज एक बड़ा गौरव का विषय है, हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि दीपावली आ रही है राज्य के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र के सामान करते हुए 4 प्रतिशत बढ़ा रहे हैं।

### केंद्रीय कर्मियों और पेंशनधारकों का महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ा

*नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की बुधवार को घोषणा की। यह एक जुलाई, 2024 से प्रभावी होगी। इससे दिवाली त्योहार से पहले एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों को लाभ होगा। मंत्रिमंडल ने दिवाली से पहले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में उनके मूल वेतन/पेंशन पर तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की* ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### 49 लाख कर्मचारी 65 लाख पेंशनर

इससे करीब 49.18 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। इससे पहले मार्च में सरकार ने एक जनवरी, 2024 से डीए-डीआर को चार प्रतिशत अंक बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, छह हिरासत में

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के सुंदरपाड़ा इलाके में एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया। साइबर



अपराध में कथित संलिप्तता के लिए छह लोगों को हिरासत में लिया गया। खुफिया जानकारी मिलने के बाद साइबर पुलिस और स्थानीय पुलिस की टीम ने इमारत के एक फ्लैट में छापा मारा।

### बरसाती नाले में कार गिरने से सात की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मेडक जिले में बुधवार को एक कार के बरसाती नाले में गिरने से उसमें



सवार तीन बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शिवमपेट मंडल में सड़क के किनारे स्थित बरसाती नाले में गिरने से पहले कार एक पेड़ से टकरा गई। इसने बताया कि इस संबंध में जांच जारी है।

### बहुमंजिला इमारत में आग लगने से तीन की मौत

**मुंबई।** मुंबई के 'लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स' में 14 मंजिला आवासीय इमारत में आग लग जाने



से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चंद्रप्रकाश सोनी (74), कांता सोनी (74) और पेलुबेटा (42) के रूप में हुई है। आग सुबह करीब आठ बजे अंधेरी इलाके में एक फ्लैट में लगी।

### खड़े ट्रॉला में घुसी कार, तीन की मौत

**बांदा।** यूपी में फतेहपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बड़ौरी टोल प्लाजा के नजदीक बुधवार



सुबह एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े ट्रॉला को पीछे से टक्कर मार दी। इससे कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में मनोज शुक्ला और अविनाश चंद्र दुबे की मौके पर ही मौत हो गई।

# सूरजपुर कांड में शातिर कबाड़ी के साथ एनएसयूआई का अध्यक्ष भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

हरिभूमि फॉलोअप

पुलिस के संरक्षण में छोटे-मोटे अपराधों को अंजाम देते हुए कबाड़ के अवैध धंधे में एनएसयूआई का एक छुटभैया नेता पुलिस को आंख दिखाता फिरता था। थानों में उसकी तूती बोलती थी। पुलिस कर्मियों को फटकारने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से उसका हौसला इतना बढ़ा कि उसने पुलिस कर्मी की पत्नी और बेटी का कत्ल कर लाश नहर के किनारे ले जाकर फेंक दी। 50 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति अर्जित करने वाला यह जिलाबदर अपराधी शहर में सरेआम घूम रहा था। इस कांड के बाद अब उसके सहयोगी एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष को भी गिरफ्तार किया गया है। इस हत्याकांड के बाद नगर पालिका ने उसके अवैध निर्माण को हटाने का नोटिस ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कबाड़ से बनाया करोड़ों की संपत्ति, पुलिस के संरक्षण ने बढ़ाया हौसला





#### पुलिस की भूमिका संदेह के दायरे में

कबाड़ का कारोबार कर इतनी बड़ी सम्पत्ति खड़ा करने और खुलेआम पुलिस को चुनौती देने वाले अशोक साहू और उसके पुत्र कुलदीप साहू को इतना बड़ा बनाने में कहीं ना कहीं पुलिस की भी बड़ी भूमिका है। लोगों का कहना है पुलिस के निचले स्तर का कर्मचारी से लेकर आला अधिकारियों तक उसकी ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### आरोपी के घर नोटिस चस्पा

पुलिस परिवार पर हमला कर प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी की हत्या के आरोपी के घर पर प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण का नोटिस चस्पा किया है। आरोपी के मकान पर चस्पा नोटिस में बताया गया है कि निकाय अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में स्थित मकान को बगैर अनुज्ञा प्राप्त किए ही बनाया गया है जो कि छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### इस तरह दिया घटना को अंजाम

बताया जा रहा है कि चारों आरोपी प्रधान आरक्षक के घर में जबरन घुसे और तालिब शेख के नहीं मिलने पर उन्होंने अपने पास रखे चाकू से पहले प्रधान आरक्षक की पत्नी मेहु शेख को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने मिलकर महिला की हत्या की। इस दौरान छोटी बच्ची 13 वर्षीया आलिया शेख ने अपनी मां को बचाने का प्रयास किया तो ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### ये हैं प्रमुख आरोपी


*सूरजपुर बाजारपारा निवासी 28 वर्षीय कुलदीप साहू आ. अशोक साहू, 20 वर्षीय आर्यन विश्वकर्मा उर्फ गोल्डी आ. संजय विश्वकर्मा, 28 वर्षीय फुल सिंह उर्फ रिंकू सिंह आ. स्व. गनपत सिंह, नेवरा* ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### भाई की गिरफ्तारी बनी दुश्मनी का कारण

*बताया जा रहा है कि 7 अक्टूबर को सूरजपुर जिले में नवरात्रि के अवसर पर जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। शहनाज अख्तर के जगराता कार्यक्रम के दौरान* ▶▶|शेष पेज 4 पर

# पेंशनभोगियों की शिकायतों पर 21 दिन में समाधान!

### केंद्र सरकार ने सभी विभागों को जारी किया आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र ने अपने सभी विभागों से पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिनों के भीतर निवारण करने का प्रयास करने को कहा है। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में शिकायतों के निवारण में अधिक समय लगता है, वहां अंतरिम जवाब दिया जा सकता है। केंद्र सरकार ने अपने पेंशनभोगियों की शिकायत निवारण प्रणाली, यानी केंद्रीकृत पेंशन शिकायत ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### हर महीने होगी समीक्षा

मंत्रालय/विभाग पोर्टल पर लंबित पेंशन संबंधी शिकायतों की मासिक समीक्षा करेंगे। नोडल लोक शिकायत अधिकारियों को शिकायतों की प्रवृत्ति का विश्लेषण करने तथा शिकायतों की घटनाओं की जांच के लिए मूल कारण विश्लेषण करने के लिए कहा गया है।

#### 30 दिनों के भीतर कर सकते हैं अपील

दिशा-निर्देशों के अनुसार, आवेदक अपनी शिकायत के निवारण के विरुद्ध शिकायत बंद होने के 30 दिनों के भीतर अपील दायर कर सकता है। अपीलीय प्राधिकारी द्वारा 30 दिनों के भीतर उसका निपटारा किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि यदि कोई प्रासंगिक दस्तावेज हों तो उन्हें संलग्न करते हुए एक आदेश पारित किया जाएगा।

*माना कैंप से रवाना हुए थे पुलिस के जवान*

# ट्रेनिंग से लौट रहे जवानों की बस ट्रक से टकराई, 14 घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

ट्रेनिंग पूरी कर वापस सुकमा लौट रहे महिला व पुरुष आरक्षकों से भरी बस सामने जा रहे ट्रक के पीछे टकरा गई। इस घटना में 14 महिला व पुरुष आरक्षक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुकमा जिला पुलिस बल के 20 महिला व ▶▶|शेष पेज 4 पर



#### इनको लगी है चोट

इस घटना में बस में सवार महिला आरक्षक पूर्णिमा कोडोपी, स्वाति दीप, धनेश्वरी ध्रुव, बेक्का सुकड़ा, कट्टम रमेश, सोयाम हीरा, पोडयम हिडमा, कोरेनेलिया, बिंदेश्वरी नेताम, टुकेश्वरी नाग, माडवी मंगली, नूतन कुंजाम व प्रधान आरक्षक उत्तम दीवान घायल हुए हैं।

## आंखों से हटी पट्टी, हाथ में संविधान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 'न्याय की देवी' वाली प्रतिमा में बड़े बदलाव किए गए हैं। इस प्रतिमा पर लगी आंखों से पट्टी हटा दी गई है। वहीं, हाथ में तलवार की जगह भारत के संविधान की कॉपी रखी गई है। सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के आदेश पर इस नई प्रतिमा को लगाया गया है।



### चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पहल पर लगी है नई प्रतिमा

### सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में प्रतिमा लगाई गई

#### दो अहम बदलाव

*इस मूर्ति में दो अहम बदलाव हैं। पहला न्याय की देवी की आंखों में पट्टी नहीं लगी है और दूसरा उनके हाथों में तलवार की जगह संविधान है। इसका अर्थ है कि संविधान के नियमों के तहत न्याय होगा।*

### केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले सीएम बने उमर अब्दुल्ला

# उमर ने संभाली कमान, सरकार में शामिल नहीं हुई कांग्रेस

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अब्दुल्ला और पांच मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनमें ▶▶|शेष पेज 4 पर



#### 2019 में बंट गया था कश्मीर और लद्दाख

साल 2019 में पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख में विभाजित किया था।

#### फारूक अब्दुल्ला बोले- यह कांटों का ताज

मुख्यमंत्री उमर के पिता फारूक अब्दुल्ला ने कहा, राज्य चुनौतियों का सामना कर रहा है और मुझे उम्मीद है कि यह सरकार चुनाव घोषणापत्र में किए गए वादों के अनुसार काम करेगी। यह कांटों का ताज है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे लोगों की उम्मीदों को पूरा करेंगे।

### हरियाणा में सैनी को फिर कमान

भाजपा नेता नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में मुलाकात की। राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया। सैनी गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।



- राज्यपाल को पेश किया दावा, आज लेंगे शपथ

समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे।



## चिंतन

# एससीओ के मकसद को विफल कर रहे चीन-पाक

पाकिस्तान की सरजमीं से विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन व पाक को आतंकवाद, क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता पर खरी-खरी सुनाकर दो टूक संदेश दिया है कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का भविष्य तभी उज्ज्वल है, जब इसके सदस्य देशों की आकांक्षाओं के अनुरूप यह कार्य करे। बेशक इसे चीन ने अपने ट्रेड हित साधने के लिए बनाया हो, पर अब जब इसमें भारत समेत कई सदस्य हैं, तो सबके हित का पोषण जरूरी है। एससीओ साझा हित के दम पर अपनी वैश्विक पहचान बना सकेगा। वर्ष 2001 में स्थापित एससीओ का मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों बीच शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखना है। तकनीकी, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक स्तरों पर सहयोग बढ़ाना है। परिवहन, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, ऊर्जा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। मगर, चीन विस्तारवाद, सीमा पर तनाव, दक्षिण चीन सागर में वैश्विक नियमों का उल्लंघन व क्षेत्रीय संप्रभुता का सम्मान नहीं करके और पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देकर एससीओ के असल मकसद को विफल कर रहे हैं। ब्रिक्स समेत कई दूसरे वैश्विक मंचों पर भी भारत चीन के साथ है, लेकिन चीन भारत के साथ सीमा समझौतों का उल्लंघन करता रहा है, जिससे लद्दाख में गलवान की घटना सामने आई। कथनी व करनी में फर्क से परस्पर विश्वास जमेगा ही नहीं और अविश्वास के माहौल में कोई भी एससीओ लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता है। विश्व की 40 फीसदी आबादी वाले समूह एससीओ की सफलता तभी परिलक्षित होगी, जब वह साझा हितों का संवर्धन करेगा। चूंकि पाकिस्तान एससीओ शिखर बैठक की मेजबानी कर रहा है, इसलिए भारत सदस्य के नाते इस बैठक में भाग ले रहा है। लेकिन इस शिखर बैठक से कुछेक दिन पहले ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भारत के भगोड़ा विवादित धर्मगुरु जाकिर नाईक को सरकारी अतिथि के रूप में बुलाकर नापाक संदेश दे दिया था कि पाकिस्तान की मंशा क्या है? भारत भलीभांति जानता है कि पाकिस्तान कट्टर इस्लामिक चरमपंथ और आतंकवाद के दलदल में आकंठ डूबा हुआ है। जयशंकर ने कहा, 'यदि सीमा पार की गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की 'तीन बुराइयों' पर आधारित होंगी तो व्यापार, ऊर्जा और संपर्क सुविधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की संभावना नहीं है।' दरअसल, व्यापार और संपर्क पहलों में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए और भरोसे की कमी पर ''ईमानदारी से बातचीत'' आवश्यक है। पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच जारी सैन्य गतिरोध और हिंद महासागर एवं अन्य रणनीतिक जलक्षेत्रों में चीन की बढ़ती सैन्य मनमानी को लेकर भारत की चिंता व्यापक है। इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ देशों के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के 23वें शिखर सम्मेलन के दौरान पाक की ओछी हरकत भी सामने आई, जब जयशंकर के संबोधन के लाइव प्रसारण को म्यूट कर दिया गया। पाकिस्तान डरा हुआ था कि कहीं जयशंकर कुछ ऐसा न बोल दें, जिससे पाक की वैश्विक किरकिरी हो। हालांकि लाइव प्रसारण को म्यूट करने से पाक की बदनामी हो ही गई। भारत ने एक बार फिर चीन की 'वन बेल्ट वन रोड' (ओबीओआर) पहल का विरोध कर जता दिया कि चीन भारत की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता का सम्मान करना होगा। पीओके में चीन का चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) बनना भारत को बर्दाश्त नहीं है।



राजनीति
प्रो. नीलम महाजन सिंह


# हरियाणा के बाद कांग्रेस की चुनौती

अभी सवाल यह है कि क्या हरियाणा चुनाव के नतीजों का प्रभाव महाराष्ट्र व झारखंड में कांग्रेस की रणनीति पर पड़ेगा? इसकी वजह है, जिस तरह से कांग्रेस ने हरियाणा में बाजी हारी है, सत्ता पाने का मौका गंवाया है, उसके बाद से इंडी ब्लॉक या महायुति में कांग्रेस की वह स्थिति नहीं रहेगी, जैसी हरियाणा में जीतने पर होती। हरियाणा में हार के बाद कांग्रेस के नेतृत्व व उसकी चुनावी रणनीति पर प्रश्नचिन्ह है? अब महाराष्ट्र व झारखंड में गठबंधन में कांग्रेस के लिए अधिक सीटें झटकनी मुश्किल होंगी। ऐसे में राहुल झारखंड में इंडी गठबंधन में रहकर भाजपा को व महाराष्ट्र में शिंदे सरकार को कितनी चुनौती दे पाएंगे, यह कांग्रेस की सुधारात्मक रणनीति पर निर्भर होगा।

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए 20 नवंबर और झारखंड में 13 व 23 नवंबर की तारीखें घोषित की हैं। केरल के वायनाड में 13 नवंबर को लोकसभा सीट का चुनाव होगा। 23 नवंबर को गिनती होगी व नतीजे आएंगे। केंद्रीय निर्वाचन आयोग चाहता तो जम्मू-कश्मीर व हरियाणा समेत महाराष्ट्र व झारखंड के चुनाव साथ ही हो सकते थे, कारण विधानसभा का शेड्यूल ऐसा है। अभी सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या हरियाणा चुनाव के नतीजों का प्रभाव महाराष्ट्र व झारखंड में कांग्रेस की रणनीति पर पड़ेगा? इसकी वजह है, जिस तरह से कांग्रेस ने हरियाणा में बाजी हारी है, सत्ता पाने का मौका गंवाया है, उसके बाद से इंडी ब्लॉक या महायुति में कांग्रेस की वह स्थिति नहीं रहेगी, जैसी हरियाणा में जीतने पर होती। हरियाणा में हार के बाद कांग्रेस के नेतृत्व व उसकी चुनावी रणनीति पर प्रश्नचिन्ह है?

हरियाणा में कांग्रेस की नीति, रणनीति, नेता, नीयत और मुद्दे, कुछ भी काम नहीं आए। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे कांग्रेस के आत्मनिरीक्षण के लिए बोनाफाइड उदाहरण हैं। सत्ताधारी दल के खिलाफ एंटी इन्कम्बेन्सी भी थी, किसान, अग्निवीर, महंगाई, बेरोजगारी आदि मुद्दे भी थे। इसके बाद भी कांग्रेस सामान्य बहुमत के लिए 46 का जादुई आंकड़ा पार नहीं कर सकी व 37 सीटों पर अटक गई। भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचा। प्रदेश में पहले ऐसा करिश्मा किसी भी दल ने नहीं किया था। हरियाणा ने एक बार फिर संदेश दिया कि वह केंद्र की रवानगी के साथ है 'डबल पहिये की सरकार' के साथ है।

किसी भी राजनीतिक दल की ताकत उसके संगठन और कार्यकर्ताओं से आती है। हरियाणा विधानसभा के चुनावों के नतीजों से कांग्रेस अचंभित क्यों है? जब तक कांग्रेस पार्टी में एकजुटता नहीं होगी, वो ऐसे ही मुंह के बल गिरती रहेगी। इस चुनाव ने तो एग्जिट पोल के पंडितों को भी शर्मिंदा होने पर मज़बूर कर दिया। एग्जिट पोल शत-प्रतिशत गलत निकले। ऐसा ही 2019 व 2024 के लोकसभा चुनावों में भी हुआ। हरियाणा में कांग्रेस की हार की सबसे बड़ी वजह एक नेता पर अतिविश्वास और बाकी नेताओं की अनदेखी रही। एक नेता के इर्द-गिर्द चले समूचे चुनाव अभियान ने कांग्रेस की दुर्गति की। कांग्रेस पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व उनके बेटे सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा पर निर्भर रही, जिसमें पूर्व सीएम हुड्डा का अतीत, वर्तमान चुनाव पर भारी पड़ा। कांग्रेस आलाकमान को हरियाणा के हालात का पता था कि यहां पार्टी के अंदर क्या हो रहा है। इसके बावजूद एक व्यक्ति पर निर्भर रहना कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की घोर विफलता है। कांग्रेस को अपनी कार्यप्रणाली की विवेचना करनी चाहिए। कांग्रेस का संगठन, राज्यों में कमज़ोर होने के साथ-साथ विघटनकारी भी है। हरियाणा में तो कांग्रेस ने चुनावों से पहले ही अपने आपको विजयी मान लिया था। इसी कारण वह ज़मीनी हकीकत से बहुत दूर थी व उसका खेल बिगड़ गया। आधे से अधिक कांग्रेस के मौजूदा विधायकों को हार का सामना करना पड़ा। खास बात यह रही कि हुड्डा के गढ़ जाटलैंड में भी कांग्रेस को अनेक सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस की अंदरूनी कलह व बागियों की समस्या के कारण, पार्टी एक दशक के बाद हरियाणा में वापसी करने



में विफल रही। पार्टी हरियाणा में बीजेपी सरकार हटाने के प्रति आश्वस्त दिख रही थी। ऐसा इसलिए कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को पांच सीटों पर विजय मिली थी, इनके करीब 46 विधानसभा में कांग्रेस व आप गठबंधन को बढ़त थी। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बिखर गई। आप से गठबंधन भी न कर सकी।

आप का भी सफाया हो गया। कांग्रेस एकजुट लड़ाई लड़ने में विफल रही व उसकी गुटबाजी का सत्तारूढ़ बीजेपी ने फायदा उठाया। चुनाव के दौरान भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला व हरियाणा में पार्टी की दलित नेता कुमारी सैलजा के बीच राजनीतिक टकराव, कांग्रेस के लिए घातक सिद्ध हुआ। इसके अलावा, भाजपा के विपरीत, कांग्रेस हरियाणा में पिछले कई वर्षों से ज़मीनी स्तर तक सुव्यवस्थित व मज़बूत संगठनात्मक ढांचा स्थापित करने में विफल रही है। संगठन तो था ही नहीं! अपने आधे से अधिक मौजूदा विधायकों के हारने से, कांग्रेस की वापसी की संभावनाओं को झटका लगा। बागियों ने भी कांग्रेस का खेल बिगाड़ा। बागियों ने वोटों को विभाजित कर दिया, जिससे बीजेपी को फायदा हुआ। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में कांग्रेस नेतृत्व ने हार के कारणों का आकलन किया। बैठक में राहुल गांधी, एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, अशोक गहलोत व अजय माकन शामिल हुए। एआईसीसी के राज्य प्रभारी, दीपक बाबरिया वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। विश्लेषकों का सुझाव है कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा खेमे व सैलजा-सुरजेवाला गुट के बीच गुटबाज़ी ने कांग्रेस की हार में योगदान दिया। कांग्रेस ने मतगणना के दौरान कुछ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में पाई गई कथित विसंगतियों की जांच की मांग की थी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, अशोक गहलोत, एआईसीसी नेताओं के.सी. वेणुगोपाल, जयराम रमेश, अजय माकन और पवन खेड़ा के अलावा हरियाणा कांग्रेस प्रमुख उदयभान सहित शीर्ष नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि 20 ऐसी शिकायतें हैं, जिनमें से सात लिखित रूप में कई विधानसभा क्षेत्रों से हैं, जिनमें कई में ईवीएम के 99 प्रतिशत बैटरी क्षमता पर काम करने का उल्लेख है, जबकि औसत ईवीएम मतगणना के दौरान 60 से 70 प्रतिशत बैटरी क्षमता पर काम करते पाए गए।

ये पैंतरे हार के ज़ख्म को कम नहीं कर सकते। सोनिया गांधी ने 2004 में भजन लाल, राव बीरेन्द्र सिंह, कुमारी सैलजा को दरकिनार कर भूपेंद्र सिंह हुड्डा को मुख्यमंत्री बनाया था। हुड्डा दस वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे परंतु उन पर सीबीआई, ई.डी. केस, 'डीएलएफ भूमि स्कैम', 'कृषि भूमि को कमर्शियल' में परिवर्तित करने के लिए जाना गया। फिर गांधी परिवार के समान, हुड्डा पर भी वंशवाद का आरोप है। वे अपने बेटे दीपेन्द्र सिंह हुड्डा को आगे बढ़ा रहे हैं। किरण चौधरी, जो कि राजीव गांधी के समय से कांग्रेस के साथ थीं, हुड्डा के चलते पार्टी छोड़ दी। कभी अशोक तंवर को भी 'गुलाबी पगड़ी व 'लाल पगड़ी' विवाद में कांग्रेस छोड़नी पड़ी थी, हालांकि अभी वे फिर से कांग्रेस में हैं। चौधरी बीरेन्द्र सिंह भी कांग्रेस से गए और अब फिर आए। राव इंद्रजीत व धर्मवीर पहले से कांग्रेस छोड़ भाजपा में हैं। 'हरियाणा इज़ हुड्डा, हुड्डा इज़ हरियाणा'; कांग्रेस के लिए विनाशकारी रहा। अब महाराष्ट्र व झारखंड में गठबंधन में कांग्रेस के लिए अधिक सीटें झटकनी मुश्किल होंगी। राहुल गांधी भी कांग्रेस में नई जान नहीं फूंक पा रहे हैं। सारांशार्थ आगामी विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस के पास कोई जादुई रणनीति नहीं है। ऐसे में हरियाणा के परिणामों में पराजय के उपरांत राहुल झारखंड में इंडी गठबंधन में रहकर भाजपा को व महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे सरकार को कितनी चुनौती दे पाएंगे, यह कांग्रेस की सुधारात्मक रणनीति पर निर्भर होगा।

(लेखिका टीवी पत्रकार व राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## जयंती विशेष

अरविंद जयतिलक



# संसार के आदि कवि हैं महर्षि वाल्मीकि

उल्टा नाम जपत जग जाना, वाल्मीकि भए ब्रह्म समाना। वाल्मीकि जी राम नाम का उच्चारण नहीं कर पाते थे। तब नारद जी ने विचार करके उनसे मरा-मरा जपने के लिए कहा और मरा रटते ही यही राम हो गया। निरंतर जाप करते-करते हुए वाल्मीकि जी ऋषि वाल्मीकि बन गए। विश्व के सर्वाधिक प्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथों में सिरमौर रामायण जिसे आदि रामायण भी कहा जाता है और जिसमें भगवान श्रीराम के पवित्र एवं जनकल्याणकारी चरित्र का वर्णन है, के रचयिता महर्षि वाल्मीकि संसार के आदि कवि हैं। उनके द्वारा रचित रामायण एक ऐसा महान महाकाव्य है जो हमें प्रभु श्रीराम के आदर्श और पावन जीवन के निकट लाता है। उनकी सत्यनिष्ठा, पितृ भक्ति और भ्रातृ प्रेम, कर्तव्यपालन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराता है। रामायण हिंदु स्मृति का वह अंग है जिसके माध्यम से रघुवंश के राजा राम की कथा कही गयी है। शास्त्रों में कहा गया है कि वाल्मीकि की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने उन्हें रामायण की रचना करने की आज्ञा दी। ब्रह्मा जी के आशीर्वाद से उनको समय पूर्व ही रामायण की सभी घटनाओं का ज्ञान हो गया और उन्होंने संस्कृत भाषा में महान ग्रंथ रामायण की रचना की। चूंकि प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना वाल्मीकि ने की, इस कारण इस ग्रंथ को आदि ग्रंथ और वाल्मीकि को आदि कवि कहा गया है। वाल्मीकि ने अपने रामायण में अनेक घटनाओं के घटने के समय सूर्य, चंद्र एवं अन्य नक्षत्र की स्थितियों का भी उल्लेख किया है। इससे स्पष्ट जानकारी मिलती है कि वाल्मीकि ज्योतिष व खगोल विद्या के भी विद्वान थे। यही नहीं उन्होंने अपने महाकाव्य में अद्वितीय शैली में प्रकृति का चित्रण, संवाद-संयोजन और विषय का प्रतिपादन किया है। वाल्मीकि



रामायण में दर्शन, राजनीति, नैतिकता, शासन कुशलता व मनोविज्ञान का भी विशद् वर्णन है। इसका तात्पर्य यह है कि महर्षि वाल्मीकि विविध विषयों के ज्ञाता थे। शास्त्रों में वर्णित है कि अपने वनवास के मध्य में भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम में गए थे। तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में लिखा है कि 'देखत बन सर सैल सुहाए, वाल्मीक प्रभु आश्रम आए।' इस उद्धरण से स्पष्ट है कि वाल्मीकि भगवान श्रीराम के समकालीन थे। तुलसीकृत रामचरित मानस के अनुसार जब भगवान श्रीराम ने अपनी पत्नी सीता का परित्याग कर दिया तब वाल्मीकि ने ही सीता को प्रश्रय दिया। वाल्मीकि और उनके महाकाव्य रामायण का उल्लेख अग्नि पुराण, गरुड़ पुराण, हरिवंश पुराण, स्कंद पुराण, मत्स्य पुराण, महाकवि कालीदास द्वारा रचित रघुवंश, भवभूति रचित उत्तर रामचरित, वृहद धर्म पुराण जैसे अनेक प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। काव्यगुणों की दृष्टि से रामायण अद्वितीय महाकाव्य है। मूर्धन्य विद्वानों का मानना है कि यह महाकाव्य संस्कृत काव्यों की परिभाषा का आधार है। यह महाकाव्य परवर्ती महाकाव्यों के रचनाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। महर्षि वाल्मीकि ने अपने महाकाव्य में राम को महामानव के रूप में चित्रित किया है लेकिन ईश्वरीय गुणों से प्रतिष्ठित होने के बावजूद राम अपने किसी भी क्रियाकलाप से मानवेतर प्रतीत नहीं होते हैं। यहां तक कि शत्रुओं का संहार करते समय भी उनके द्वारा वैष्णवी शक्ति का उपयोग नहीं हुआ है। उन्होंने सागर पर सेतु निर्माण में भी किसी मायाशक्ति का उपयोग नहीं किया। वे नर-वानरों के योगदान से सेतु का निर्माण कर पाए। अपने भ्राता लक्ष्मण की मुच्छी को दूर करने के लिए उन्होंने संजीवनी लाने के लिए हनुमान जी को हिमालय भेजा। उन्होंने अपना समस्त कार्य दूसरों के सहयोग से किया। यह ग्रंथ पितृभक्ति, भ्रातृ प्रेम, आज्ञापालन, प्रतिज्ञापूर्ति तथा सत्यपरायणता की शिक्षा प्राप्त होती है। राम एक आदर्श पुत्र हैं। पिता की आज्ञा उनके लिए सर्वोपरि है। पति के रूप में राम ने सदैव एक पत्नी व्रत का पालन किया। राजा के रूप में प्रजा के हित के लिए स्वयं के हित को हेय समझते हैं। रामायण भ्रातृभाव का भी अनुपम उदाहरण है। राम के प्रेम के कारण लक्ष्मण उनके साथ वन चले जाते हैं वहीं भरत अयोध्या की राजगद्दी पर स्वयं आसीन होने के बजाए उस पर बड़े भाई राम की पादुका को प्रतिष्ठित करते हैं। हनुमान एक आदर्श भक्त हैं और वे अनुचर की भांति श्रीराम की सेवा में तत्पर रहते हैं। वाल्मीकि कृत रामायण न केवल भारत की महान धार्मिक सभ्यता और उसके मूल्यों को समझने का साहित्यिक एवं ऐतिहासिक साक्ष्य है, बल्कि भौतिक लोक की संजीवनी भी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
## दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

# कोयला और चंदन



संकलित
## प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अन्न की बर्बादी रोकनी होगी

वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। उसके बाद विश्व खाद्य दिवस हर वर्ष 16 अक्तूबर को मनाया जाने लगा। अब इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है। भोजन प्राणी जाति के तंदरुस्त रहने के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। दुनिया के बहुत से देश भुखमरी की समस्या भी झेल रहे हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा। *- शंकर सुमन, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### उमर अब्दुल्ला को बधाई

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उमर अब्दुल्ला जी को बधाई। केंद्र जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगा।
-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



### हम जनसेवा के लिए

मैंने डीजी से बात की है कि जब मैं सड़क मार्ग से कहीं भी जाऊं तो कोई "हरित गलियारा" या यातायात न रुके। मैंने उन्हें सार्वजनिक असुविधा और सायरन का उपयोग कम से कम करने का निर्देश दिया है। हम यहां लोगों की सेवा के लिए हैं, उन्हें असुविधा पहुंचाने के लिए नहीं।
-उमर अब्दुल्ला, सीएम, जम्मू-कश्मीर



### नंद घर को अपनाएं

नंद घर हमारी भावी पीढ़ियों के पोषण और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हमारी प्रमुख सामाजिक प्रभाव परियोजना है। हर सक्षम देशवासी आगे आएं, और इन नंद घर को अपनाएं।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति



### बहुत-बहुत बधाई


मिथुन दा को हाल ही में दादा साहब फाल्के पुरस्कार मिला उन्हें बहुत-बहुत बधाई। सौभाग्यवश मुझे उनके और 2 और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं के साथ अपनी पहली फिल्म में काम करने का मौका मिला।
-सुनील लहरी, अभिनेता



## करंट अफेयर

# दुश्मनों की तुलना में सहयोगियों ने अधिक फायदा उठाया : ट्रंप


अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के सहयोगियों ने उसके दुश्मनों से ज्यादा उसका फायदा उठाया है। ट्रंप ने शिकागो के 'इकॉनमिक क्लब' में एक सवाल के जवाब में कहा, 'हमारे दुश्मनों से ज्यादा हमारे सहयोगियों ने हमारा फायदा उठाया है। हमारे सहयोगी यूरोपीय संघ (ईयू) हैं। ईयू के साथ हमारा व्यापार घाटा 30 करोड़ अमेरीकी डॉलर है।' उन्होंने कहा, 'हमारे पास ऐसे व्यापारिक समझौते हैं जो बेहद खराब हैं। मैं पूछता हूं कि ऐसा करने वाले लोग कौन हैं? वे या तो बहुत मूर्ख हैं या उन्हें पैसे मिल रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मैंने चीन पर 27 .5 प्रतिशत कर लगाया। अन्यथा, हमारे पास चीनी कारों की बाढ़ आ जाएगी। हमारी सभी फैक्टरियां बंद हो जाएंगी। ऑटो उद्योग में हमारे पास बिल्कुल भी नौकरियां नहीं होंगी। यह बिजली पर भी लागू होता है, जो जानलेवा है, जिसके बारे में मैंने बताया है। मैंने दक्षिण कोरिया पर कर लगाया क्योंकि वे ट्रक भेज रहे थे। मैंने काफी हद तक कर लगाया।' ट्रंप ने कहा, 'क्या आप जानते हैं कि हमारी कार कंपनियां अपना लगभग सारा धन छोटे ट्रकों, एसयूवी से कमाती हैं? अगर मैं उन कर को वापस ले लूं, तो आप डूब जाएंगे। हर कार कंपनी का कारोबार बंद हो जाएगा।'



## ऑफ बीट

# वायुमंडलीय नदियां ध्रुवों की ओर अब तेजी से बढ़ रही

अमेरिका के पश्चिमी तट और कई अन्य क्षेत्रों में भारी वर्षा और तूफान लाने वाली वायुमंडलीय नदियां उच्च अक्षांशों की ओर बढ़ रही हैं, और इससे दुनिया भर में मौसम का पैटर्न बदल रहा है। आसमान में वायुमंडलीय नदी वातावरण में केंद्रित नमी के एक संकरे गलियारे की तरह है। इस बदलाव के कारण कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति और खराब हो रही है जबकि अन्य क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति भी गंभीर हो रही है, तथा जल संसाधन पर निर्भर कई समुदाय खतरे में पड़ रहे हैं। जब वायुमंडलीय नदियां आर्कटिक में दूर उत्तर की ओर पहुंचती हैं, तो वे समुद्री बर्फ को भी पिघला सकती हैं, जिससे वैश्विक जलवायु प्रभावित होती है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के 'साइंस एडवांसेज'' में प्रकाशित एक नए अध्ययन में, जलवायु वैज्ञानिक किंगहुआ डिंग और मैंने प्रदर्शित किया है कि पिछले चार दशकों में वायुमंडलीय नदियां दोनों ध्रुवों की ओर लगभग 6 से 10 डिग्री तक स्थानांतरित हो गई हैं। वायुमंडलीय नदियां सिर्फ अमेरिका के पश्चिमी तट से संबंधित नहीं हैं। वे दुनिया के कई हिस्सों में बनती हैं और इन क्षेत्रों में औसत वार्षिक बारिश का आधे से ज्यादा हिस्सा प्रदान करती हैं, जिसमें अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी तट और पश्चिमी तट, दक्षिण-पूर्व एशिया, न्यूजीलैंड, उत्तरी स्पेन, पुर्तगाल, ब्रिटेन और दक्षिण-मध्य चिली शामिल हैं।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# 8 लाख की इनामी महिला नक्सली का 12 दिन बाद हुआ अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दंतेवाड़ा व नारायणपुर की सीमा से लगे थुलथुली के जंगल में 4 अक्टूबर को प्रदेश के सबसे बड़े एनकाण्टर में सुरक्षाबलों ने 2 करोड़ से अधिक के इनामी 35 नक्सलियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ में मारी गई 8 लाख की इनामी कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र निवासी महिला नक्सली के परिजन शव लेने 12 दिन बाद भी नहीं पहुंचे। जिसके बाद शव का मंगलवार दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच जगदलपुर के मुक्तिधाम में कर दिया गया।

- कंपनी नम्बर 6 की पीपीसीएम का शव लेने कोयलीबेड़ा से नहीं पहुंचे परिजन

गौरतलब है कि माड़ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने मारे गए 31 नक्सलियों के शव बरामद किया था। जिन पर दो करोड़ से अधिक का इनाम घोषित था। वहीं इस मुठभेड़ के सप्ताह भर बाद नक्सलियों ने पर्चा जारी कर मुठभेड़ में 35 नक्सलियों के मारे जाने का खुलासा किया था। इसी मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली सोमे पति दुगे उर्फ मानसिंग (30) पीपीसीएम, कम्पनी नम्बर 6 की मेंबर 8 लाख की इनामी निवासी ग्राम रेखावट्टी थाना कोयलीबेड़ा जिला कांकेर की मौत की सूचना के बाद भी परिजन शव लेने जगदलपुर नहीं पहुंचे। डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में रखे सोमे के शव का मंगलवार दोपहर अंतिम संस्कार करते हुए दफना दिया गया।

### तगड़ी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार

अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था की गई थी। नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर एसडीओपी अभिषेक पैकरा व छोटेडोंगर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक सुजीत देवनाथ के अलावा बस्तर जिले के परपा थाना की टीम की मौजूदगी में जेसीबी से कब्र खोदने के बाद शव का दफन निगम कर्मियों द्वारा मुक्तिधाम में किया गया।

### 12 दिन बाद परिजनों के पहुंचने की संभावना

माड़ मुठभेड़ में मारे गए एक अन्य महिला नक्सली का शव दंतेवाड़ा के मरच्यूरी में रखा गया है जो नारायणपुर जिले की बताई जा रही है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय ने बताया कि महिला नक्सली के परिजनों से सम्पर्क किया गया है और उनके बुधवार को दंतेवाड़ा पहुंचने की संभावना है। उनके पहुंचने पर शव सुपुर्द कर दिया जाएगा। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए शेष शवों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# जमीन विवाद : भतीजे ने चाचा को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंवरी

नगर पंचायत भखारा भठेली में हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वार्ड क्रमांक 11 में जमीन विवाद पर भतीजा ने अपने चाचा को मौत के घाट उतार दिया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। हत्या की सूचना पाकर भखारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



आरोपी

इस संबंध में थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि मृतक बिहारी लाल ढ़ीढ़ी उम्र 74 वर्ष और उनके भतीजे शीत कुमार ढ़ीढ़ी उम्र 41 वर्ष ग्राम भठेली के बीच जमीन को लेकर 20 वर्षों से विवाद चल रहा था। बुधवार की सुबह इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। तैश में आकर आरोपी शीत कुमार ने अपने चाचा के सिर पर लोहे के पट्टे से वार कर दिया। इससे बिहारीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की मौजूदगी में आरोपी शीतकुमार ढ़ीढ़ी ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली में दबने से युवक की मौके पर ही मौत

**महासमुंद**। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खट्टी में ट्रैक्टर ट्राली में दबने से एक युवक के मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खट्टी में युवक जनेश्वर अपने घर की दीवार से सटकर खड़ा था। इस दौरान गली से गुजर रही ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया नाली में धंस गया। जिससे ट्रॉली और दिवार के बीच खड़ा युवक दर्दनाक तरीके से दब गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने ट्रॉली को धक्का देकर हटाने का प्रयास किया। लेकिन, रेत से भरे ट्रॉली को हटाने में काफी देर हो गई और तब तक युवक अपने प्राण खो चुका था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले ट्रॉली से रेत खाली कराया और फिर शव को बाहर निकाला। सिटी कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है।

# बांसकुंड में बुजुर्ग ग्रामीण की हत्या पुलिस को आरोपियों की है तलाश

**कांकेर**। बांसकुंड में बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जाँच में लिया है।




पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। बांसकुंड ग्राम के सरपंच और पटेल ने 14 अक्टूबर को पुलिस को बताया मृतक अपने खेत की ओर गया था। 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे के लगभग चमन उसेंडी से जानकारी मिली कि सुगनू राम खेल मैदान के पास मृत अवस्था में पड़ा है, तब मै रमेश दुग्गा व अन्य ग्रामीणो को साथ लेकर घटना स्थल पहुंचा और देखा कि मृतक मुंह के बल उल्टा जमीन पर पड़ा था। उसके गला के पास खून निकल रहा था। शरीर पर लुंगी के अलावा अन्य कोई कपड़ा नही था। ग्रामीणों के द्वारा जानकारी दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की छानबीन शुरू किया।








## इन्हें करें डाइट में शामिल आपकी बोंस रहेंगी स्ट्रॉन्ग



ऑस्टियोपोरोसिस ऐसी समस्या है, जो बढ़ती उम्र में अधिकतर लोगों को परेशान करती है। इससे बचाव में खान-पान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इससे बचाव के लिए कैसी हो आपकी डाइट, जानिए।

**डाइट सजेशन**
विनीता

बढ़ती उम्र में कई लोगों की हड्डियां कमजोर पड़ने लगती हैं। ऐसा ऑस्टियोपोरोसिस की वजह से हो सकता है। महिलाओं में यह समस्या, पुरुषों की तुलना में ज्यादा देखने को मिलती है। इससे बचाव के लिए अपने नियमित आहार में कुछ खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए।

**मिल्क प्रोडक्ट्स:** अपनी रोजाना की डाइट में जहां तक संभव हो अधिक मात्रा में दूध, दही और पनीर को शामिल करें। इनमें मौजूद कैल्शियम हड्डियों को मजबूती देता है। साथ ही मिल्क प्रोडक्ट्स में मौजूद विटमिन डी भी हड्डियों को आवश्यक पोषण प्रदान करता है।

**हरी सब्जियां-फल:** पत्तेदार हरी सब्जियों में पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है। इसके लिए पत्तागोभी और पालक का नियमित रूप से सेवन करें। फलों में केला,



संतरा, सेब और नारियल में भी कैल्शियम पाया जाता है। इसलिए इन सबका पर्याप्त मात्रा में सेवन करें।

**सोयाबीन-साबुत अनाज:** सोयाबीन, चना और हर तरह की दालों में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और कैल्शियम पाया जाता है, जो हड्डियों की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके अलावा सोया मिल्क और इससे बने पनीर यानी टोफू में भी पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और कैल्शियम पाया जाता है। इसलिए अपने रोजाना के खान-पान में इन चीजों को प्रमुखता से शामिल करें।

**अंडा, मछली और चिकेन:** अगर आप नॉनवेजिटेरियन हैं तो अपनी डाइट में इन चीजों को जरूर शामिल करें। इससे शरीर को पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम मिलता है और हड्डियां मजबूत होती हैं।

**ड्राई फ्रूट्स-नट्स:** काजू, बादाम और अखरोट में भी भरपूर मात्रा में कैल्शियम मौजूद होता है। इसलिए सुबह के नाश्ते में मुट्ठी भर ड्राई फ्रूट्स का सेवन जरूर करें। अगर बादाम और अखरोट को रात भर पानी में भिगोकर रखा जाए तो सुबह के वक्त खाली



पेट इनका सेवन अधिक फायदेमंद होता है। मखाना कैल्शियम का बहुत अच्छा स्रोत है, हल्के घी में भून कर उसका सेवन करना बोन हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है। इसलिए रोजाना के नाश्ते में मखाने को नियमित रूप से शामिल करें।

**इनसे रहें दूर:** नमक का सेवन सीमित मात्रा में करें। ज्यादा नमक खाने से यूरिन के जरिए अधिक मात्रा में कैल्शियम शरीर से बाहर निकल जाता है। लंबे समय तक ज्यादा नमक खाने से हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। एल्कोहल से दूर रहें, यह भी आपकी हड्डियों को कमजोर बनाता है। कॉफी का सेवन सीमित मात्रा में करें। इसका ज्यादा सेवन शरीर से कैल्शियम के उत्सर्जन को बढ़ा देता है, जिससे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। कार्बोनेटेड ड्रिंक्स के सेवन से हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है और वे भुरभुरी होकर टूटने लगती हैं। इसलिए जहां तक संभव हो कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स से दूर रहें।


अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगे तो बढ़ती उम्र में आपको ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या नहीं होगी। *

**(मणिपाल हॉस्पिटल, एनसीआर की डाइटीशियन डॉ. अदिति शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

स्पेशल: वर्ल्ड ऑस्टियोपोरोसिस-डे, 20 अक्टूबर

हमारा शरीर पूरी तरह फिट और स्ट्रॉन्ग रहे, इसके लिए हड्डियों का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। लाइफस्टाइल और डाइट पर ध्यान नहीं देने से हड्डियों पर बुरा असर पड़ता है। इससे एक गंभीर बीमारी ऑस्टियोपोरोसिस हो सकता है। इसके होने के कारण, इसके लक्षणों, इससे बचाव के तरीकों के बारे में आपको यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## किसी भी एज में हो सकती है ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या



**डॉक्टर्स एडवाइस**
डॉ. वी. के. गौतम
सीनियर आर्थोपेडिक सर्जन
शारदा हॉस्पिटल, दिल्ली

ऑस्टियोपोरोसिस को खोखली हड्डियों की बीमारी भी कहते हैं। यह समस्या तब पैदा होती है, जब हड्डियों के ह्रास की गति हड्डियों के विकास की गति से ज्यादा होती है। बोन मास (घनत्व) अमूमन 35 वर्ष की उम्र के बाद कम होने लगता है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर का बोन मास जितना कम होता जाता है, ऑस्टियोपोरोसिस का रिस्क उतना ही बढ़ता जाता है। हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में प्रेशर पड़ने, हल्की-सी चोट लगने या दुर्घटना से हड्डियां आसानी से पिचक सकती हैं या टूट सकती हैं। इसमें व्यक्ति के कूल्हे, रीढ़, कलाई या घुटने की हड्डियों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। समय पर उपचार ना होने पर हड्डियां दिन-ब-दिन अंदर से कमजोर, खोखली और भुरभुराने लगती हैं। यहां तक कि रोगी को बिना गिरे और बिना एक्सीडेंट के भी फ्रेक्चर होने लगते हैं। आमतौर पर यह बीमारी बुजुर्गों में होती है लेकिन आजकल यह कम उम्र के लोगों में भी होने लगी है।

### यंगस्टर्स में भी बढ़ रहा रिस्क

कम उम्र के लोगों यानी युवाओं में हड्डियों का कमजोर होना गंभीर समस्या का कारण बन सकता है। युवाओं में ऑस्टियोमलेशिया का खतरा बढ़ जाता है, जो ऑस्टियोपोरोसिस से पहले की स्थिति है। शरीर के विभिन्न अंगों में दर्द बना रहता है, जिसे दूर करने के लिए उन्हें पेनकिलर मेडिसिन लेने की जरूरत पड़ती है। लेकिन समयोचित उपचार ना कराए जाने पर यह ऑस्टियोमलेशिया, ऑस्टियोपोरोसिस की वजह भी बन सकता है और युवा इसकी गिरफ्त में आ सकते हैं।

### इन्हें है अधिक रिस्क

- वे वयस्क जिनकी ऑस्टियोपोरोसिस की फैमिली हिस्ट्री है।
- जिन्हें अकसर बदन दर्द की शिकायत रहती है।



- जो डाइट का ध्यान ना रखते हों।
- जो लोग लंबे समय से कॉर्टिकोस्टेरॉइड दवाएं खाते हों।
- जो लोग स्मोकिंग, एल्कोहल जैसे मादक पदार्थों का सेवन करते हों।

### ऑस्टियोपोरोसिस के कारण

युवाओं में हड्डियां कमजोर होने के कई कारण हो सकते हैं। जैसे- आनुवांशिक कारण, सरकेडियम रिदम फॉलो ना करना, अनहेल्दी लाइफस्टाइल होना, निष्क्रिय जीवनशैली, घंटों मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर पर बैठकर काम करना, आउटडोर एक्टिविटीज कम होना, धूप का एक्सपोजर ना होने से शरीर में विटामिन डी की कमी होना, फास्ट फूड या बाजारू व्यंजन ज्यादा खाना, पौष्टिक-संतुलित आहार ना लेना, कैल्शियम, विटामिन-डी, प्रोटीन रिच खाद्य पदार्थों का सेवन कम करना, महिलाओं में पीरियड्स नियमित ना होना, थाइरॉयड और सेक्स हॉर्मोन में कमी, लंबे समय तक स्टेरॉयड का इस्तेमाल, डायबिटीज, आर्थराइटिस, टीबी जैसी बीमारी होना, ज्यादा सॉफ्ट ड्रिंक्स पीना, स्मोकिंग करना, एल्कोहल का अत्यधिक सेवन करना।

### प्रमुख लक्षण

- मांसपेशियों या हड्डियों या फिर बोंस ज्वाइंट में क्रैम्प्स के साथ दर्द होना।
- कम उम्र में कमर झुकने से हाइट कम होना।
- कमर दर्द की समस्या लगातार बने रहना।
- हड्डी, जोड़ों में दर्द की समस्या होना।
- हाथों की पकड़ कमजोर होना।
- मसूड़े और दांतों में कमजोरी आना।
- नाखूनो का कमजोर होना।
- शरीर का पोस्चर खराब होना।
- खड़े होने और चलने में दिक्कत होना।
- लगातार थकावट महसूस होते रहना।

### क्या होता है खतरा

ऑस्टियोपोरोसिस का समुचित उपचार नहीं किया जाए तो व्यक्ति को बार-बार फ्रेक्चर का सामना करना पड़ सकता है। इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन की रिसर्च के हिसाब से बोन डेंसिटी कम होने के कारण हिप, कलाई, टखनों, घुटनों, स्पाइन जैसे फ्रेक्चर बार-बार हो सकते हैं।

### डायग्नोसिस का तरीका

बोन डेंसिटी की जांच के लिए डेस्का स्कैन या बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट (बीएमडी) टेस्ट कराया जाता है। पैरामीटर इस तरह हैं-टीस्कोर 2 से कम (ऑस्टियोपीनिक), -2.5 से कम



(ऑस्टियोपोरोसिस) और -3.5 से कम (हड्डियां बहुत कमजोर हैं और हाई फ्रेक्चर रिस्क)

### उपचार के तरीके

ऑस्टियोपोरोसिस के इलाज में मेडिकल और नॉन मेडिकल दोनों पहलुओं का ध्यान रखा जाता है। अस्थि क्षरण कम करने के लिए एंटीरिर्जोप्टिव मेडिसिन और साल में एक बार इंजेक्शन दिए जाते हैं। बोन फॉर्मेशन स्टीमुलेशन के लिए एनाबॉलिक मेडिसिन दी जाती हैं या फिर सीवियर कंडीशन में हार्मोनल इंजेक्शन लगाए जाते हैं, यह इंजेक्शन साल मे दो बार लगाया जाता है। मरीज की जरूरत के हिसाब से कैल्शियम, विटामिन डी सप्लीमेंट्स भी दिए जाते हैं। नॉन मेडिकल ट्रीटमेंट में हड्डियों को मजबूत बनाने वाली एक्सरसाइज करना चाहिए, कैल्शियम, विटामिन डी और प्रोटीन रिच डाइट लेनी चाहिए। एक्टिव रहने के लिए रेग्युलर एक्सरसाइज करनी चाहिए। जरूरत हो तो फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

### बचाव के प्रभावी उपाय



**ऑस्टियोपोरोसिस की** रोकथाम के लिए जागरुकता, स्वस्थ जीवनशैली और पूरी तरह एहतियात बरतना जरूरी है।

- बोन संबंधी किसी भी परेशानी पर नजर रखें। समस्या आने पर जितना जल्दी हो सके डॉक्टर को कंसल्ट करके उपचार कराएं।
- डॉक्टर की सलाह पर समय-समय पर बीएमडी टेस्ट करवाएं। बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 25 से नीचे रहना चाहिए। इसलिए डाइट पर कंट्रोल करें।
- सक्रिय जीवन शैली और सही वजन बनाए रखने की कोशिश करें। अगर वजन ज्यादा हो तो हड्डियों पर ज्यादा प्रेशर पड़ता है, जिससे वो जल्दी कमजोर हो सकती हैं। व्यायाम और योग को दिनचर्या में शामिल करें।
- खान-पान का ध्यान रखें। प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन डी रिच डाइट लें। पालक, बींस, ब्रोकली, चुकंदर, केला, संतरा, सेब जैसे कैल्शियम से भरपूर फल, सब्जियां और सफेद तिल, अंजीर, अखरोट, बादाम जैसे ड्राई फ्रूट्स का नियमित सेवन करें। रोजाना दूध और अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स लें। प्रोटीन के लिए दालें, सोयाबीन, सोया चंक्स, स्प्राउट्स, ड्राई फ्रूटस, अंडे, चिकन, मटन, मछली आदि का सेवन करें।
- फास्ट फूड, जंक फूड, प्रोसेस्ड या पैक्ड फूड खाने से परहेज करें।
- नमक और चीनी का सेवन सीमित मात्रा में करें। इनसे हड्डियों में कैल्शियम कम मात्रा में एब्जॉर्ब हो पाता है।
- कार्बोनेटेड ड्रिंक्स, कोल्ड ड्रिंक्स, कैफीन, चाय-कॉफी, सिगरेट, शराब, जैसी चीजें हड्डियों को कमजोर बनाती हैं।
- रोज 25-30 मिनट धूप सेंकें। गर्मियों में सुबह 11 बजे से पहले और शाम 6 बजे के बाद और सर्दियों में दिन के समय 11-4 बजे के बीच में।
- रोजाना कम से कम 30-40 मिनट वॉकिंग और वेटबियरिंग एक्सरसाइज करें। ज्यादा देर तक बैठे नही रहें। हर 20 मिनट बाद खड़े हों और 5-10 मिनट टहलें या मसल्स को स्ट्रेच करके बैठें।

**हेल्थ न्यूज**

## पार्किंसन के खतरे को बढ़ाती हैं पाचन संबंधी समस्याएं

आहार नली या पेट में अल्सर समेत पाचन संबंधी अन्य समस्याएं किसी व्यक्ति के पार्किंसन रोग से पीड़ित होने के जोखिम को 76 प्रतिशत तक बढ़ा सकती हैं। एक नई अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। अमेरिका के बेथ इजराइल डेकोनेस मेडिकल सेंटर के शोधकर्ताओं ने 9,350 रोगियों की एंडोस्कोपी रिपोर्ट का विश्लेषण करने के बाद पाया कि ऊपरी जठरांत्र संबंधी समस्या से पीड़ित लोगों विशेषकर आहारनली, पेट या छोटी आंत के ऊपरी हिस्से की परत में अल्सर या अन्य प्रकार की क्षति से जूझ रहे व्यक्तियों के भविष्य में पार्किंसन रोग से पीड़ित होने का खतरा बढ़ जाता है।

कुछ समय पूर्व अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन नेटवर्क ओपन रिसर्चर्स की पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन-निष्कर्ष इस बात के सबूत को और बल देते हैं कि उम्र बढ़ने से संबंधित या न्यूरो डीजेनेरेटिव बीमारी की शुरुआत आंत से हो सकती है। हालांकि लंबे समय से इन बीमारियों की उत्पत्ति मस्तिष्क में मानी जाती रही है।



शोधकर्ताओं का कहना है कि न्यूरो डीजेनेरेटिव यानी तंत्रिका तंत्र में खराबी संबंधी विकारों से पीड़ित रोगियों में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल यानी मुंह से लेकर बड़ी आंत तक संपूर्ण आहार प्रणाली की समस्याएं आम मानी जाती हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि पार्किंसन रोगियों द्वारा अनुभव की जाने वाली गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल परेशानियां अकसर हाथ या पैर में कंपकंपी या कठोरता जैसे लक्षणों से दो दशक पहले दिखाई देते हैं, जो व्यक्ति के चलने-फिरने में बाधा डालती हैं और आमतौर पर निदान का आधार बनती हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि पाचन संबंधी समस्याओं में कब्ज, लार आना, निगलने में कठिनाई और पेट का देर से खाली होना शामिल हो सकता है। आंत और पार्किंसन रोग के जोखिम के बीच इन संबंधों के लिए जिम्मेदार जैविक तंत्रों में डोपामाइन हार्मोन के विनियमन का समस्याग्रस्त होना भी शामिल है। डोपामाइन, मस्तिष्क से संबंधित रसायन है, जो पाचन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि युवा या वृद्धावस्था में होने वाली पाचन संबंधी समस्या से आगे चलकर पार्किंसन डिजीज होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसलिए हमें शुरुआत से डाइजेशन पर ध्यान देना चाहिए। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

**योगोपचार**
दिव्यज्योति 'नंदन'

लगातार डिजिटल स्क्रीन पर नजरें टिकाए रहने से आज के दौर में काफी लोगों को आंखों से धुंधला दिखने की समस्या हो रही है। इससे बचने के लिए आप त्राटक योगासन का अभ्यास कर सकते हैं। लेकिन इसकी सही विधि और सावधानियों के बारे में जानना भी जरूरी है।

## अगर आंखों से दिखे धुंधला रोज करें त्राटक योगासन

आज के मोबाइल, लैपटॉप के इस जमाने में हम सबकी आंखें दिन के कई घंटे स्क्रीन पर व्यस्त रहती हैं। यही कारण है कि आज काफी लोगों को या तो चश्मा चढ़ गया है या वे आंखों की किसी ना किसी समस्या से पीड़ित हैं। ऐसे में अकसर लोग अपनी आंखों की रोशनी को बरकरार रखने के लिए कुछ ना कुछ उपचार करते रहते हैं। योग विशेषज्ञ कहते हैं कि अगर हर दिन सुबह-शाम 10 मिनट त्राटक योगासन कर लिया जाए तो आंखों से धुंधला दिखने की समस्या ना सिर्फ खत्म हो जाती है बल्कि इसके नियमित अभ्यास से आंखों में लगा चश्मा भी उतर सकता है।

**क्या होता है त्राटक:** त्राटक शब्द त्रा और टक अक्षरों से मिलकर बना है, जिसका सामान्य अर्थ होता है- किसी विशेष दृश्य या चीज को लगातार टकटकी लगाकर देखना।

**त्राटक योग के फायदे:** त्राटक योग करने के कई फायदे हैं। इससे मन की स्थिरता और शांति में इजाफा होता है। ध्यान कौशल में वृद्धि होती है और मन शुद्ध रहता है। आंखों की रोशनी साफ और चमकदार होती है। यही नहीं नियमित किए गए इस आसन से रोशनी के इतर भी आंखों की कई समस्याएं दूर होती हैं। मसलन, अगर दिमाग की नसें बंद होती हैं तो वे खुल जाती हैं। इससे सिरदर्द और अनिद्रा की समस्या दूर होती है। बेचैन मन शांत रहता है। इच्छाशक्ति को भी बढ़ाता है, धैर्य को मजबूत करता है।

**त्राटक योग करने की विधि:** सबसे पहले घर में एक साफ-सुथरी जगह चुनें जहां बहुत रोशनी ना हो, लेकिन वहां पूरी तरह से अंधेरा भी ना हो। अब योगा मैट पर कमर सीधी करके बिल्कुल ध्यान मुद्रा में बैठें। अपने से पांच हाथ दूर एक जलती हुई मोमबत्ती या दीपक रखें। पहले



कुछ देर अपनी आंखें ध्यान मुद्रा में बंद करें और फिर उन्हें धीरे-धीरे खोलते हुए निगाहें जलती हुई मोमबत्ती या दीये की लौ पर लगाएं। फिर अपनी निगाहों से लगातार रोशनी की लौ को घूरते हुए धीरे-धीरे बिना लौ से अपनी निगाह को हटाए, उसकी तरफ आगे बढ़ें और करीब एक फीट तक निगाहों में पूरी तरह से लौ को केंद्रित करते हुए आगे की तरफ जाएं और फिर वैसे ही पीछे आएं। जब आंखें थकने लगें या पलकें झुकने लगें तो आंखें बंद कर लें। बंद करने से आंखों को आराम मिलेगा। कुछ देर तक उस आराम का एहसास करें और फिर जैसे लगे कि सामान्य हो गए हैं तो फिर आंखें खोलें और वही प्रक्रिया दोहराएं, जो पहले की थी। यानी रोशनी पर निगाहों को जमाते हुए कई मिनटों तक उसे घूरें और फिर उसी सीध में बिना रोशनी के इधर-उधर खिसके एक फीट तक आगे जाएं और फिर पीछे लौटें।

शुरू में 5 से 7 मिनट तक का यह ध्यान आसन कम से कम तीन बार करें यानी, 15 से 20 मिनट तक इस प्रक्रिया को दोहराएं। जब आसानी से आंखें कंसंट्रेट करने लगें तो फिर ध्यान लगाने की इस मुद्रा को 5-7 मिनट की बजाय 10 मिनट तक ले जाएं। इस तरह कुल आधे घंटे तक अधिकतम इस आसन को करें। त्राटक योग हमेशा खाली पेट करें। सबसे उपयुक्त समय सुबह 4 बजे से 6 बजे के बीच होता है। यदि ग्लूकोमा जैसी बीमारी से पीड़ित हों तो भूलकर भी त्राटक योग ना करें। इसके अलावा अगर सीजोफ्रेनिया जैसी मानसिक समस्याओं का शिकार हैं तो ऐसी स्थिति में भी त्राटक योग करने से बचें। *



**डॉक्टर्स सजेशन**
डॉ. आर. पी. सिंह
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## बदलते मौसम में जब हो सर्दी-खांसी



**मेरी उम्र 53 वर्ष है। ठंड का मौसम शुरू होते ही मुझे अकसर सर्दी-खांसी होती रहती है। दवाइयां लेने पर यह ठीक तो हो जाती है, लेकिन जैसे ही दवाई छोड़ता हूं, यह फिर से शुरू हो जाती है। इस बार ऐसी क्या सावधानी बरतूं कि मुझे सर्दियों में यह समस्या ना हो?**

**-हरीश, रायपुर**

जब मौसम चेंज हो रहा होता है तो काफी लोगों को इस तरह की समस्या आती है। कफ कोल्ड होता है। यह एलर्जी होती है, जो बदलते मौसम में कुछ लोगों को होती है। इससे बचाव के लिए विटामिन सी यानी खट्टे फल खाने चाहिए, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। इसके अलावा सुबह जल्दी उठकर वॉक पर नहीं जाना चाहिए। जब धूप निकल आए तब सैर पर जाना चाहिए। इस तरह थोड़ी सावधानी बरतने से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। 8 महीने पहले मेरे बाएं पैर में छोटा-सा फ्रेक्चर हो गया था। मैंने इसका प्रॉपर ट्रीटमेंट करवाया था, फिजियोथेरेपी भी करवाई थी। लेकिन अभी भी चलते-फिरते वक्त फ्रेक्चर वाली जगह पर दर्द होता है। अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-संचित, भोपाल**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपको 8 महीने पहले फ्रेक्चर हुआ था, क्योंकि फ्रेक्चर छोटा सा था इसलिए अब उसमें दर्द नहीं होना चाहिए। अगर दर्द हो रहा है तो आपको हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर एक बार उस हड्डी की दोबारा से एक्सरे करवा लेना चाहिए। कई बार हड्डी प्रॉपर नहीं जुड़ पाती, जिसकी वजह से इस तरह की समस्या देखी जाती है। पेन किलर खाने के बजाय आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मेरी सिटिंग जॉब है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द होना शुरू हो गया है। यह दर्द खड़े होने और चलने-फिरने पर अधिक बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राजन, हिसार**

एक ही पोस्चर में लंबे समय तक बैठने से कमर दर्द शुरू हो जाता है। इसलिए आप लंबे समय तक एक ही पोस्चर मे ना बैठें। बीच-बीच में काम के दौरान थोड़ा चहलकदमी करते रहें। इसके साथ ही सुबह शाम कमर की एक्सरसाइज जरूर करें, इससे ही दर्द का स्थाई समाधान होगा।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा-भरा सा महसूस होता है। रूटीन के हिसाब से खाना तो खा लेता हूं, लेकिन ठीक से भूख नहीं लगती। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हरीश चंद्र, बेमेतरा**

पाचन क्रिया प्रभावित होने से इस तरह की समस्या देखी जाती है, इसलिए आप इस पर ध्यान दें कि आपको कब्ज तो नहीं रहता या किसी तरह से पाचन क्रिया प्रभावित तो नहीं है? इसके अलावा आप दोपहर के खाने में दही, छाछ जरूर लें। साथ में सलाद खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से पहले गुनगुना दूध लें, इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। मैं थोड़ी दूर चलने पर या कुछ सीढ़ियां चढ़ने पर ही हांफने लगता हूं। मेरा हेल्थ ओवरऑल ठीक है। लेकिन मैं अपनी इस प्रॉब्लम से बहुत परेशान हूं। प्लीज मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-रोशन, जबलपुर**

जैसा आप बता रहे हैं, तो आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि कोई ना कोई समस्या जरूर होगी, इस वजह से आपको थकान लगती है। पहले आपको किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क करना चाहिए, वे कुछ जांच कराएंगे, जिससे इसका कारण पता चलेगा और उसका उपचार किया जा सकेगा। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**



# 'पाणी' के प्रमोशन के लिए मुंबई लौटीं ...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड से हॉलीवुड का सफर तय कर चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की दीवानगी दुनियाभर में है। प्रियंका ने अपने दम पर यह पहचान बनाई है। बॉलीवुड में सिक्का जमाने वाली देसी गर्ल ने 2017 में हॉलीवुड का रुख किया। अब प्रियंका इन दिनों अपनी फिल्म 'पाणी' को लेकर चर्चा में चल रही हैं। अभिनेत्री अपनी प्रोडक्शन फिल्म 'पाणी' की रिलीज के लिए तैयार हैं। अब प्रियंका चोपड़ा फिल्म का प्रमोशन करने के लिए एक बार फिर मुंबई लौटी हैं और एयरपोर्ट से उनका वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। प्रियंका चोपड़ा मुंबई एयरपोर्ट पर कूल लुक में नजर आईं। प्रियंका चोपड़ा के इस लुक को देखने के बाद लोग देखते रह गए। पिछले कुछ समय से अटकलें लगाई जा रही हैं कि अभिनेत्री किसी खास प्रोजेक्ट के लिए भारत आई हैं, हालांकि विवरण गुप्त रखा गया है। ग्लोबल आइकन प्रियंका को एयरपोर्ट पर एक ग्रे क्रॉप्ड स्वेटशर्ट में देखा गया, जिसे अभिनेत्री ने मैचिंग ट्रैक पैंट, ओवरसाइज्ड ग्लेयर्स और एक ग्रे कैप के साथ कैरी किया था। एयरपोर्ट से बाहर आते ही अभिनेत्री ने पैप्स को नमस्ते भी किया। यही नहीं, उन्होंने ढेर सारे पोज देकर अपनी तस्वीरें भी क्लिक कराई है। फैंस भी अभिनेत्री के इस लुक पर फिदा हो गए हैं।



# 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को मिले पांच नामांकन...



**मुंबई।** भारतीय फिल्म निर्देशक पायल कपाड़िया की कान विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को एशिया पैसिफिक स्क्रीन अवॉर्ड्स के 17वें संस्करण में पांच नामांकन मिले हैं। कार्यक्रम का आयोजन 30 नवंबर को गोल्ड कोस्ट, ऑस्ट्रेलिया में होगा। 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रैंड प्रिक्स पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रचा। अब एशिया पैसिफिक स्क्रीन अवार्ड्स में कपाड़िया की 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ पटकथा के शीर्ष सम्मान के लिए नामांकित किया गया है।

## दावत ए इश्क में लखनऊ के प्रसिद्ध खानों का किया गया है जिक्र

# 'खाने' के इर्द-गिर्द कहानी, मनोरंजन के साथ भूख को भी बढ़ाती हैं ये फिल्में

*मुंबई। बॉलीवुड में कई विषयों पर कहानियां बुनी जाती हैं। इन फिल्मों की कहानियां दर्शकों को बहुत प्रेरित भी करती हैं। हम आपको बताएंगे उन फिल्मों और कहानियों के बारे में जो खाने और शेफ के इर्द -गिर्द घूमती हैं। साथ ही अपनी कहानी से दर्शकों को खूब लुभा चुकी हैं।*

### द लंच बॉक्स

अभिनेता इरफान खान की कहानी द लंच बॉक्स खाने के डिब्बे से जुड़ी कहानी है। इस फिल्म की कहानी एक खाने के डिब्बे के इर्द गिर्द घूमती है। फिल्म को दर्शकों ने बहुत सराहा था। फिल्म में इरफान खान के अभिनय को काफी सराहा गया था।




### लव शव ते चिकन खुराना

यह फिल्म एक ऐसे व्यक्ति पर आधारित है जो रुपये कमाने के लिए विदेश जाता है। बाद में वापस आकर भारत में अपना एक रेस्टोरेंट खोल लेता है। फिल्म में कुनाल कपूर, हुमा कुरैशी ने काम किया है। फिल्म का निर्देशन नवोदित समीर शर्मा ने किया है।





### शेफ




साल 2017 में आई कॉमेडी ड्रामा फिल्म शेफ में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में सैफ ने एक शेफ की भूमिका निभाई है। ये किरदार अपने करियर को लेकर काफी जुनूनी है। वह इसके लिए अपने परिवार से दूर रहता है। फिल्म का निर्देशन राजा कृष्ण मेनन ने किया है।

### दावत ए इश्क

परिणीति चोपड़ा और आदित्य रॉय कपूर अभिनीत फिल्म दावत ए इश्क को प्रशंसकों ने काफी सराहा था। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर भी एक शेफ की भूमिका निभाते हैं, जो लखनऊ में एक बहुत बड़े हॉटेल का मालिक होने के साथ ही शेफ भी है। साल 2014 में आई इस रोमेंटिक कॉमेडी फिल्म में भी लखनऊ के प्रसिद्ध खानों का जिक्र किया गया है। साथ ही इसके गानों में भी खाने की कई डिशेज के नाम हैं।




# नोरा ने 'नाच मेरी रानी' पर किया डांस...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही ने न्यूयॉर्क में एक दिवाली पार्टी में नेवर हैव आई एवर स्टार मैत्रेयी रामकृष्णन के साथ जमकर डांस किया। इस दौरान सभी ने नोरा के साथ जमकर ठुमके लगाए और खूब मस्ती की। नोरा के यह वीडियोज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस पार्टी की मेजबानी प्रियंका चोपड़ा की मैनेजर अंजुला आचार्य ने की थी। ऑनलाइन सामने आए इन सभी वीडियोज में नोरा सभी को डांस फ्लोर पर लाती हैं और उन्हें नाच मेरी रानी का हुकस्टेप सिखाती नजर आईं। शानदार सिल्वर आउटफिट पहने नोरा ने अपने बेहतरीन मूव्स से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने पार्टी में अपना सिंगल नोरा गाना भी गाया। नोरा फतेही एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ ही बेहतरीन डांसर भी हैं। नोरा जिस पार्टी में जाती हैं, अपने डांस से सभी का दिल जीत लेती हैं। खूबसूरत बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा हाल ही में न्यूयॉर्क में थीं और शहर में एक शानदार दिवाली पार्टी में शामिल हुईं। नोरा को नेवर हैव आई एवर स्टार मैत्रेयी रामकृष्णन, ब्रिजर्टन अभिनेत्री सिमोन एश्ले, अवंतिका वंदनापु, टैन फ्रांस, हसन मिन्हाज, जे सीन और जेसल टैंक के साथ एक ही छत के नीचे जमकर धमाल मचाते देखा गया।



# बेटे से भी कम उम्र की हीरोइन के साथ इस फिल्म में राज कपूर ने किया था काम...

**नई दिल्ली।** राज कपूर को पूरा बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि दुनियाभर की फिल्मी दुनिया और फिल्मी फैन्स भी शो मैन के नाम से जानते हैं। फिल्मों में काम करने से लेकर फिल्में बनाने तक राज कपूर ने कई हीरोइन्स के साथ काम किया। वो लंबे समय तक फिल्मों में एक्टिव रहे, जिसकी वजह से एक दौर ऐसा भी आया जब राज कपूर ऐसी हीरोइन्स के हीरो बनकर आए जिनकी उम्र बहुत कम रही।एक हीरोइन तो ऐसी भी था जिनका डेब्यू राज कपूर के साथ हुआ। उस हीरोइन की उम्र राज कपूर के बड़े बेटे रणधीर कपूर से भी कम थी। ये अनोखी पेयर जिस फिल्म में दिखी क्या आप उस फिल्म का नाम जानते हैं।




### ये है फिल्म का नाम

हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उस फिल्म का नाम है सपनों का सौदागर। ये फिल्म रिलीज हुई थी साल 1968 में। सपनों का सौदागार नाम की इस फिल्म के जरिए ही हेमा मालिनी का हिंदी फिल्मों में डेब्यू हुआ था। हेमा मालिनी इस फिल्म में राज कपूर की हीरोइन बनकर लॉन्च हुई थीं। हेमा मालिनी की उम्र राज कपूर के बड़े बेटे रणधीर कपूर से कुछ महीने कम है। इस लिहाज से ये कहा गया कि राज कपूर अपने बेटे से भी छोटी उम्र की हीरोइन के साथ पर्दे पर काम कर रहे हैं।

### ऐसी है फिल्म की कहानी

फिल्म की कहानी उस दौर की हिंदी फिल्मों की आम कहानियों की तरह ही थी, जिसमें एक गांव का जुल्मी रईस शख्स होता है, जिससे पूरा गांव परेशान है। वो उस गांव पर राजा की तरह राज करता है। गांव में चारों तरफ निराशा का आलाम है। ऐसे में खाकी कपड़े, लाल टाई और मोजे पहना एक अनजान शख्स गांव में आता है और गांव वालों को अच्छे सपने दिखाता है। जिसके बाद गांव में खुशियां आने लगती हैं। ये शख्स राज कपूर ही होते हैं, जिनसे गांव की एक लड़की प्यार करने लगती है। हेमा मालिनी गांव की इसी लड़की की भूमिका में नजर आई थीं।

## टीवी मसाला




# बेघर नहीं हुए अविनाश मिश्रा, बिग बॉस ने इविक्शन के बाद पलटी बाजी?

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 के एक प्रोमो के बाद अविनाश के शो से बाहर होने के कयास लगाए जा रहे थे। अब लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक अविनाश मिश्रा का इविक्शन नहीं हुआ, बल्कि वह सेफ हैं। उन्हें जेल की सजा होगी साथ ही पावर भी मिलेगा। हालांकि, प्रोमो देखकर लग रहा था कि मिड वीक इविक्शन हुआ है। इस बात से दर्शक नाराज हैं और प्रोमो को मिस लीडिंग बता रहे हैं। अविनाश के घर से बेघर होने का प्रोमो आने के बाद अब खबर आ रही है कि वह सेफ हैं। बिग बॉस तक ने ट्वीट किया है कि अविनाश मिश्रा को घर से बेघर नहीं किया गया है। बिग बॉस ने उन्हें जेल के अंदर रखा है और राशन बांटने का पावर दिया है। इस पर एक दर्शक ने कमेंट किया है, ये पावर क्यों? उन्हें लक्जरी बजट टास्क दो ताकि वे इसे कमा सकें। सीजन 17 फिर से मत रिपीट करो। एक ने लिखा है, तो प्रोमो मिसलीडिंग था। एक कमेंट है, पता ही था जो बंदा पहले दिन से सबसे भिड़ रहा है उसे इतनी आसानी से कैसे इविक्ट होने देंगे। एक ने लिखा है, वाह जेल के अंदर भी पावर तो किस बात का जेल।

# 36 साल बाद आएगा शाहरुख के शो 'फौजी' का सीक्वल...

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान का पहला शो 'फौजी' 36 साल बाद सीक्वल के साथ वापसी कर रहा है। 1988 में लेफ्टिनेंट कर्नल राज कुमार कपूर द्वारा निर्देशित इस शो ने शाहरुख को एक प्रमुख भूमिका में टेलीविजन पर लॉन्च किया और उन्हें एक घरेलू नाम बना दिया। अब, यह पता चला है कि 'फौजी' का सीक्वल बन रहा है। 'फौजी 2' को लेकर हाल ही में दिलचस्प जानकारी सामने आई। 'फौजी 2' में अंकिता लोखंडे के पति विक्की जैन के मुख्य भूमिका में नजर आने की खबरें हैं। 'फौजी 2' में गौहर खान भी नजर आएंगी। शो में अभिनय करने के अलावा, विक्की संदीप सिंह के साथ इसके सह-निर्माता भी हैं। यह शो दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाएगा। यह बड़ी खबर संदीप सिंह ने साझा की, जिन्होंने टीजर पोस्ट किया और कैप्शन दिया, 'भारत में अब तक का सबसे प्रतिष्ठित शो वापस आ रहा है। हमें फौजी 2 की वापसी कराते हुए सम्मानित महसूस हो रहा है।



epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### लेबर/मिस्त्री

**आवश्यकता है-** दाल मिल में कार्य हेतु दाल मिल का अनुभवी कर्मचारी/लेबर (कुली) दाल मिल मिस्त्री जिसको फिटर/सारटेक्स/दाल मिल चलाने का अनुभवी हो। **संपर्क कन्हैयालाल संतोषकुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डू विधान सभा रोड रायपुर- 9826141178.** (RO-5970)

### कुक

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य करने हेतु इन्डियन चायनीज कुक की आवश्यकता है। अनुभवी ही सम्पर्क करें। **होटल विनार बार एन्ड रेस्टॉरेन्ट-गली नं. 1 जयस्तभ चौक मों. - 9713577672.** (RO-5971)

### सफाई/फिल्ड वर्क

**आवश्यकता है-** रायपुर स्थित दुकान के साफ सफाई एंव फिल्ड वर्क के लिए लोकल स्टाफ चाहिए, ईमानदार व जरूरतमंद ही **संपर्क करें- 9399463415.**(RO-3768)

### सेल्समेन/ सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (RO-3044)

हरिभूमि क्लासीफाईड




### फील्ड वर्क

**आवश्यकता है-** फील्ड वर्क के लिए (साउंड सिस्टम, वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास ITI पास फ्रेशर या अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था दी जायेगी। सैलरी पांच अंको में। संपर्क:- यश.एल. ई. डी. टेक्नोलॉजी कचना रायपुर फोन:- 7773009704.**(RO-D)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की आवश्यकता है : टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल दुर्ग भिलाई घुमना है, आकर्षक वेतन, लाइसेंस अनिवार्य। **मो.-98274-66771.** (आरो न.-605)

### सुपरवाइजर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर एंव हेल्पर कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध **पता:- अशोक इंटरप्राइजेस आर्शीवाद धर्मकांटा के पास बीरगांव उरला रायुपर मों.- 8770676924.**(RO-1002)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** तत्काल सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर एवं ग्राफिक्स डिजाइन (मल्टीमीडिया) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तत्काल **सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 8319001366, 9340860492.** (RO-35685)

### सफाई कर्मी/कुक

**आवश्यकता है-** देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने कुक, रोटी बनाने हेतु महिला एवं ड्राइवर की। रहना, खाना फ्री। तुरन्त **संपर्क करे:- मो.- 9303657790, 7970259986.**(आरो न.-604)

### मार्केटिंग एक्जीकेटिव

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट मार्केटिंग एक्सक्यूटिव, ड्राइवर, डिजिटल मार्केटिंग, सिविल सुपरवाइजर, नर्सिंग कैरिंग स्टाफ, **व्हाट्सप्प करे 8839996498 सिटी हार्ट रेजिडेंसी कैलाश विहार कैलाशपुरी** (RO-5973)

### टीचर

**आवश्यकता है-** लेडिस वाईस प्रिंसीपल, क्लर्क, इंचार्ज, रिसेप्शनिष्ट, अंग्रेजी माध्यम में इंग्लिश पढ़ाने हेतु शिक्षक/शिक्षिका, संगीत एवं वाद्य यंत्र टीचर, ड्राईवर, आया की आवश्यकता । साक्षात्कार 21.10.2024 **प्रातः 10.00 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.** (RO-6959)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर दुकान में कार्य करने के लिए आठवीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क करे:- जैन हार्डवेयर एंड टूल्स, बाम्बे मार्केट, रायपुर, 9229101124.** (RO-398)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है संपर्क **चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1646)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

क्लासीफाईड

### घरेलु/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** घरेलु कार्य हेतु बाई चाहिए, खाना बना लेने वाली को प्राथमिकता, अच्छा वेतन (सहमती से तय) दिया जाएगा। तुरन्त सम्पर्क करें 1 टाटीबंध रायपुर मो. 9425518442 (केवल 8-9 सुबह- शाम) (RO-5974)

**आवश्यकता है-** फाफाडीह, रायपुर में सुबह 12 बजे से शाम तक घर की सफाई व घरेलू कार्य हेतु एक महिला एवं खाना बनाने हेतु एक महिला कुक चाहिए। **रहने की सुविधा उपलब्ध । संपर्क: 9644364354.** (RO-1231)

### सेल्स एक्जीकेटिव

Job Vacancy- Pharmaceutical company Casca Care Private Limited is looking for Sales Executive in Raipur, Durg, Ambikapur, Dhamtari & Jagdalpur. Salary 20000 +TA/DA +Compan Equity Shares. Salary is Negotiable for experienced candidates. Age Limit: 36 years. Qualification: Graduate. +91-7724981439 Interview: **20-10-2024, Hotel Simran Heritage Pvt. Ltd. Station Road, Raipur, Chhattisgarh. Time- 11:00 am to 4:00 pm** (RO-3048)

### जॉब

**आवश्यकता है-** नूगा बेस्ट थेरेपी हेतु जॉब के लिए लेडीज (लड़किया) स्टाफ की आवश्यकता है। सैलरी योग्यतानुसार 10,12, स्नातक. **सम्पर्क - जुनवानी रोड ईदगाह चौक पानी की टंकी के सामने, कोहका भिलाई Mo- 9907813799.**(आरो न.-6389)

### अन्य

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर 30,000 से 40,000 हजार रुपए मासिक आय सेल्समैन लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है (शिक्षित/ साक्षर एवं अशिक्षित योग्यतानुसार **संपर्क :- 7024797456 मिलने का समय सुबह 10:30 से 12:30 तक।** (RO-3762)

## Services सर्विसेस

**सर्विस-** सम्पत्ति विवाद से निजात व लाभ पाये निशुल्क परामर्श के साथ **संपर्क करें- 7974717629, 9425411929.**(RO-3767)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871.** (RO-2998)

## Property प्रापर्टी

**मकान बेचना है-** रायपुर के प्राइम लोकेशन डूंडा में नेशनल हाईवे से 150 मीटर की दूरी में सर्व सुविधायुक्त 1140 SQFT में 3 BHK और एक दुकान के साथ मकान उपलब्ध है जिसमें लेआउट डायवर्सन नक्शा पास और बैंक फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। Contact No. **9300308436.** (RO-M)

क्लासीफाईड

## Education शिक्षण

**मेडिकल प्रवेश-** 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग ( छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.-6387)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** पेंशनर लोन, होम लोन, सिर्फ सरकारी कर्मचारी हेतु सभी नेशनल बैंक से उपलब्ध। केवल बैंक सर्विस 7 दिनो में । **संपर्क:- Mr.-NITIN SAVDEKAR (SR. AUDITOR) Behind- A/63 Karmchari nagar, सिकोलाभाठा दुर्ग मो.- 9409188678, 8319450882.**(आरो न.-603)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**खबर संक्षेप**

## रिजर्व बैंक ने टाटा की याद में किया शोक प्रस्ताव पारित



**मुंबई।** आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल ने उद्योगपति रतन टाटा की याद में बुधवार को शोक प्रस्ताव पारित किया। रतन नवल टाटा का नौ अक्टूबर को मुंबई के एक अस्पताल में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। 'निदेशक मंडल ने केंद्रीय बोर्ड के पूर्व निदेशक रतन एन टाटा की स्मृति में एक शोक प्रस्ताव पारित किया।

## एचडीएफसी लाइफ का लाभ दूसरी तिमाही में 15% बढ़ा

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 14.85 प्रतिशत बढ़कर 433 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी जीवन बीमा कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 377 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था। तिमाही के दौरान शुद्ध प्रीमियम बढ़कर 16,570 करोड़ रुपये हो गया।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र का दूसरी तिमाही मुनाफा 44% उछला




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 44 प्रतिशत उछलकर 1,327 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से ब्याज आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। बैंक ने एक साल पहले इसी तिमाही में 920 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

# भारत में 2035 तक हर दिन जुड़ेंगी 12,000 से अधिक कारें: आईईए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ सभी प्रकार की ऊर्जा की मांग में वृद्धि होने की संभावना

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने कहा है कि अगले दशक में भारत प्रतिदिन 12,000 से अधिक कारें जोड़ेगा, दक्षिण अफ्रीका में निर्मित जगह के बराबर तैयार जगह का विस्तार करेगा और इसके एयर कंडीशनर पूरे मेक्सिको में बिजली खपत की तुलना में अधिक बिजली की खपत करेंगे। आईईए ने विश्व ऊर्जा परिदृश्य, 2024 में कहा कि 2035 तक तेल और गैस से लेकर कोयला, बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा तक सभी प्रकार की ऊर्जा की मांग में वृद्धि होने का अनुमान है।

### पूरी कारों का एसी मेक्सिको की तुलना में अधिक बिजली खपत करेगा

### 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा भारत

दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कच्चा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत में 2035 तक तेल की मांग लगभग 20 लाख बैरल प्रतिदिन बढ़ जाएगी और यह दुनिया में तेल की मांग में वृद्धि का मुख्य स्रोत बन जाएगा। आईईए के अनुमान के अनुसार, भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।




### तेल की मांग बढ़कर 71 बीपीडी होगी

देश में 2035 तक तेल की मांग बढ़कर 71 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) हो जाने का अनुमान है, जो अभी 52 लाख बीपीडी है। कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदलने की रिफाइनरियों की क्षमता 2035 तक 58 लाख बीपीडी से बढ़कर 71 लाख बीपीडी हो जाएगी। प्राकृतिक गैस की मांग 2050 में 64 अरब घनमीटर से बढ़कर 172 अरब घनमीटर हो जाएगी।

*इस्पात के उत्पादन में 70 फीसदी की होगी वृद्धि: आईईए के अनुसार, 2035 तक, लोहा और इस्पात उत्पादन 70 प्रतिशत बढ़ने के रास्ते पर है। सीमेंट उत्पादन में लगभग 55 प्रतिशत की वृद्धि तय है और एयर कंडीशनर का स्टॉक 4.5 गुना से अधिक बढ़ने का अनुमान है, मेक्सिको की कुल अपेक्षित बिजली खपत से अधिक होगी।*

इससे यह वैश्विक स्तर पर ऊर्जा मांग के लिए विकास का इंजन बन जाएगा।

### भारत बना सबसे अधिक आबादी वाला देश

यह उत्पादन में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2023 में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था था। भारत 2023 में चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया। इसकी प्रजनन दर, प्रतिस्थापन स्तर से नीचे आ गई।

*ऊर्जा मांग में वृद्धि की संभावना ज्यादा : आईईए ने कहा, "जनसंख्या का आकार और सभी क्षेत्रों से बढ़ती मांग बढ़ने का मतलब है कि अगले दशक में भारत में किसी भी अन्य देश की तुलना में ऊर्जा मांग में वृद्धि अधिक होने का अनुमान है।*

## मस्क व भारतीय दिग्गजों के बीच सैटेलाइट स्पेक्ट्रम को लेकर गतिरोध जारी

# सैटकॉम स्पेक्ट्रम पर ट्राई प्रमुख बोले : परामर्श प्रक्रिया में सभी के विचारों पर होगा गौर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन के तौर-तरीकों को लेकर खींचतान के बीच ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने बुधवार को कहा कि परामर्श प्रक्रिया अभी जारी है और दूरसंचार नियामक सिफारिशें प्रस्तुत करने से पहले सभी सुझावों पर गौर करेगा। नियामक की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब स्टारलिंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क और भारतीय दिग्गजों के बीच सैटेलाइट स्पेक्ट्रम को लेकर गतिरोध जारी है।

ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के अवसर पर पत्रकारों से कहा, हमें दूरसंचार विभाग से संदर्भ मिला है। हमने दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ के प्रत्युत्तर में परामर्श प्रक्रिया शुरू कर दी है और इसमें उन मुद्दों को शामिल किया गया है जिन्हें दूरसंचार विभाग द्वारा ट्राई को भेजा गया है... परामर्श प्रक्रिया जारी है हम परामर्श प्रक्रिया के दौरान प्राप्त सभी विचारों पर गौर करेंगे और अपनी सुविचारित सिफारिशें प्रस्तुत करेंगे।'

### चेयरमैन लाहोटी ने कहा परामर्श प्रक्रिया अभी जारी है




■ नियामक सिफारिशें प्रस्तुत करने से पहले सुझावों पर गौर करेगा

■ मस्क ने स्पेक्ट्रम का आवंटन नीलामी से करने की मांग की

### मित्तल ने भी आवंटन की वकालत की

भारती एयरटेल के प्रमुख मित्तल ने भी मंगलवार को ऐसे आवंटन के लिए बोली लगाने की वकालत की। हालांकि मस्क की अगुवाई वाली स्टारलिंक वैश्विक रुख के अनुरूप उपग्रह-आधारित संचार के लिए लाइसेंसों का प्रशासनिक आवंटन किए जाने की मांग कर रही है। स्टारलिंक दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते मोबाइल टेलीफोन और इंटरनेट बाजार भारत में कदम रखने की योजना बना रही है।

### मस्क ने की सिंधिया के रुख की सराहा

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने उपग्रह-आधारित संचार का स्पेक्ट्रम आवंटन नीलामी के जरिये किए जाने की रिलायंस जियो और भारती एयरटेल की मांग को स्वीकार न करने के लिए दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताया है। मस्क ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में सिंधिया के बयान का उल्लेख करते हुए कहा, 'बेहद प्रशंसनीय।' हम स्टारलिंक के जरिये भारत के लोगों की सेवा करने के लिए अपना बेहतरीन प्रयास करेंगे।

### स्पेक्ट्रम नीलामी की जगह आवंटन से दिया जाएगा : सिंधिया



दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी इस रुख से सहमति जताते हुए कहा कि दूरसंचार तरंगों को नीलामी के बजाय प्रशासनिक आवंटन के जरिये दिया जाएगा। सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार अधिनियम, 2023 ने इस मामले को 'अनुसूची एक' में रखा है, जिसका मतलब है कि उपग्रह संचार स्पेक्ट्रम को प्रशासनिक रूप से आवंटित किया जाएगा।

### लागत के लिए फार्मूला तय होगा : दूरसंचार मंत्री

सिंधिया ने कहा, /"इसका मतलब यह नहीं है कि स्पेक्ट्रम बिना लागत के आता है। वह लागत क्या होगी और उस लागत का फॉर्मूला क्या होगा, यह ट्राई तय करेगा। ट्राई पहले ही इस पर एक अध्ययन पत्र ला चुका है। दूरसंचार नियामक को संविधान ने यह तय करने का अधिकार दिया है कि प्रशासनिक मूल्य क्या होने वाला है।/" मंत्री ने भरोसा जताया कि ट्राई सबसे अच्छी कीमत तय करेगा जिसे अपनाया जाना चाहिए, बशर्ते कि यह प्रशासनिक तरीके से दिया जा रहा हो

### समान अवसर के लिए ट्राई परामर्श पत्र संशोधित करने की मांग


रिलायंस जियो की स्थानीय तथा उपग्रह कंपनियों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ट्राई परामर्श पत्र को संशोधित करने की मांग पर ट्राई के चेयरमैन ने कहा, " विभिन्न हितधारक परामर्श प्रक्रिया पर अलग-अलग मांग उठाते हैं। हम इन सभी दृष्टिकोणों तथा विचारों पर गौर करते हैं और एक सुविचारित दृष्टिकोण अपनाते हैं।"

# जीओएम ने क्षतिपूर्ति उपकर को जीएसटी में मिलाने पर चर्चा की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की अगुवाई में जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने बुधवार को जीएसटी में क्षतिपूर्ति उपकर को शामिल किए जाने पर चर्चा की।

इस बैठक में राज्यों ने सुझाव दिया कि क्षतिपूर्ति उपकर को जीएसटी में शामिल किए जाने का फैसला होने के बाद बदलाव की अवधि में विलासिता वाले उत्पादों और नुकसानदेह वस्तुओं की सूची में कोई नया सामान नहीं जोड़ा जाना चाहिए। राज्यों ने कहा कि क्षतिपूर्ति उपकर की समयसीमा मार्च, 2026 में खत्म हो रही है लिहाज इसे पुनर्गठित करने का एकमात्र तरीका यह है कि करों के साथ इस शुल्क को मिला दिया जाए और जिन वस्तुओं पर फिलहाल यह उपकर लगाया जाता है उनके लिए अलग कर दरें लाई जाएं। जीओएम के प्रमुख चौधरी ने कहा, "जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर का समय खत्म हो रहा है।



■ राज्यों ने सुझाव दिया विलासिता वाले उत्पाद और न जोड़े

■ क्षतिपूर्ति उपकर की समयसीमा मार्च, 2026 में खत्म हो रही

*करों को मिलाने का दिया सुझाव*
*सभी राज्यों ने जीएसटी के तहत करों को मिलाने का सुझाव दिया है, क्योंकि क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त हो रहा है। सूत्रों ने कहा, "लेकिन कोई नया सामान इसमें नहीं जोड़ा जाएगा। क्षतिपूर्ति की अवधि समाप्त हो चुकी है और अगर इसे जीएसटी के तहत लाना है तो इसे पुनर्गठित करना होगा और कर के रूप में लाना होगा।"*

### समूह 31 दिसंबर तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगा

असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के सदस्यों वाला मंत्री समूह (जीओएम) 31 दिसंबर तक जीएसटी परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंप देगा। जीएसटी व्यवस्था के तहत विलासिता वाले और नुकसानदेह या अहितकर उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर के अलावा विभिन्न दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता है।

## कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 159343 प्रथम आमंत्रण 08.10.2024 | जिला गरियाबंद के अमलीपदर-घुरवागुड़ी मार्ग के सूखा तेल नदी पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण कार्य का शेष कार्य। | 494.86 |
| 2 | 159693 प्रथम आमंत्रण 09.10.2024 | जिला सुकमा के गादीरास से राउतपारा मार्ग के कि.मी. 1/4 में मलगेर नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का शेष कार्य। | 264.93 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01 से सं.क्र. 02 दिनांक 30.10.2024 निर्धारित है । निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है ।

मुख्य अभियंता,
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G- 242503237/1

## Public Works Department
Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)

**E-Procurement Tender Notice**

E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No.128/TC/EinC/ PWD/2024-25 Dated 09.10.2024

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of Governor of Chhattisgarh invites percentage rate bids** on electronic tendering system under RCPLWE RRP-III in the district Bijapur for construction of **01 Bridge** with estimated cost amounting Rs 773.28 Lacs including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e- registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 10.10.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 21.10.2024

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur (C.G.)** 492-002 as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post**, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department **http://pwd.cg.nic.in**

**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office of Engineer-In-Chief**
**P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

G-242503217/2

# सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर, चांदी में 1,000 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये की तेजी के साथ 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को पिछले सत्र में सोना 78,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ताजा लिवाली के कारण चांदी भी 1,000 रुपये उछलकर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मंगलवार को यह 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 250 रुपये उछलकर 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि पिछला बंद भाव 78,250 रुपये प्रति 10 ग्राम था। व्यापारियों ने सोने की कीमतों में तेजी की वजह स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की मजबूत मांग को बताया।

# 'वालफोर्ट ओमेगा' राजधानी के बिजनेस को देगा नया आयाम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रियल एस्टेट क्षेत्र में एक प्रमुख नाम, वॉलफोर्ट समूह, अपने नए कमर्शियल प्रोजेक्ट 'वॉलफोर्ट ओमेगा' के साथ राजधानी रायपुर में व्यवसाय के नए आयाम स्थापित करने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट की मेगा लांचिंग 19-20 अक्टूबर को न्यू राजेन्द्रनगर, रिंग रोड नंबर-1 पर की जाएगी। इस पांच मंजिला कमर्शियल हब में कार्यालय, रिटेल और शॉप्स शामिल हैं। बुकिंग प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इसे शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। प्रोजेक्ट में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और यह पहला कमर्शियल प्रोजेक्ट होगा जिसमें प्राकृतिक गार्डन का अनुभव मिलेगा। पहले ही कई बड़े ब्रांड्स और कॉर्पोरेट घरानों ने अपनी बुकिंग कराई है। वॉलफोर्ट समूह के निदेशक पंकज लाहोटी और अर्पित पारख ने बताया कि उनका उद्देश्य ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करना है। 'वॉलफोर्ट ओमेगा' का स्थान और कनेक्टिविटी उत्कृष्ट है, जो इसे व्यावसायिक गतिविधियों के लिए आदर्श स्थान बनाता है। ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर शॉप्स और शो-रूम होंगे, जबकि अन्य फ्लोर कार्यालयों के लिए आरक्षित रहेंगे।



■ लांचिंग 19-20 अक्टूबर को

### समय पर मिलेगा पजेशन

इस प्रोजेक्ट में भव्य बेसमेंट पार्किंग, लिफ्ट और कॉमन लॉबी का क्षेत्र भी शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि 'वॉलफोर्ट ओमेगा' की डिजाइन में वास्तु का ध्यान रखा गया है और इसे सिंगापुर की ईस्ट 9 आर्किटेक्ट एंड प्लानर्स प्रा. लि. द्वारा डिजाइन किया गया है। वॉलफोर्ट समूह ने अपने सभी प्रोजेक्ट्स में गुणवत्तापूर्ण निर्माण और समय पर पजेशन देने की अपनी पहचान बनाई है, जिसके चलते ग्राहक इसमें विश्वास दिखा रहे हैं।




हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## क्वालीफाइंग मैच

19वें, 84वें और 86वें मिनट में दागे गोल

# मेसी की हैट्रिक, अर्जेंटीना ने बोलिविया को 6-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

लियोनेल मेसी की हैट्रिक और दो गोल में सहायता की मदद से अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैच में बोलिविया को 6-0 से हरा दिया। अक्टूबर में हो रही प्रतिस्पर्धा के दो दौर में दाहिने टखने की चोट की वजह से नहीं खेल सके मेसी ने पूरा मैच खेला। उन्होंने 19वें मिनट में पहला गोल किया। इसके अलावा लौटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के गोलों में सूत्रधार की भूमिका निभाई। 37 वर्ष के मेसी ने 84वें और 86वें मिनट में भी गोल दागे। अन्य मुकाबलों में ब्राजील ने पेरू को 4-0 से हराया। अर्जेंटीना 10 मैचों में 22 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि उससे तीन अंक पीछे कोलंबिया है। ब्राजील 16 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाएंगी। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मुकाबले नवंबर में खेले जाएंगे।



## गोल नहीं कर सके रोनाल्डो पुर्तगाल ने स्कॉटलैंड से ड्रॉ खेला




**मैड्रिड।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गोल नहीं कर सके और पुर्तगाल ने नेशंस लीग में स्कॉटलैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला। पुर्तगाल ने क्रोएशिया, स्कॉटलैंड और पोलैंड से पहले तीन मैच जीते थे लेकिन ग्लासगो में तीसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। अब तक 133 अंतरराष्ट्रीय गोल कर चुके रोनाल्डो के पास कई मौके आए लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सके। पुर्तगाल इस ड्रॉ के बावजूद ग्रुप एवन में शीर्ष पर है जबकि क्रोएशिया दूसरे स्थान पर है। वहीं स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। क्रोएशिया ने पोलैंड से 3-3 से ड्रॉ खेला। कोसोवो ने साइप्रस को ग्रुप सी के मैच में 3-0 से हराया जबकि रोमानिया ने लिथुआनिया को 2-1 से मात दी। बेलारूस ने लक्जेमबर्ग से 1-1 से ड्रॉ खेला।

भारत-न्यूजीलैंड

## पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश में धुला




एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को कोई खेल नहीं हो सका। अंपायरों और अन्य मैच अधिकारियों ने दोपहर दो बजे मैदान का मुआयना किया जब दिन में पहली बार थोड़ी देर के लिए बारिश रुकी। लेकिन हालात को देखकर दो बजकर 34 मिनट पर खेल रद्द करने का फैसला किया गया। इससे पहले आउटफील्ड कवर और पिच पर डाले कवर की पहली परत मुआयने के लिए हटाई गई तो दर्शक काफी रोमांचित हो गए। लेकिन सुबह से हो रही बारिश के कारण खेल हो पाना संभव नहीं था। सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण सुबह नौ बजे टॉस भी नहीं हो सका। खराब मौसम के बावजूद मैदान पर काफी तादाद में दर्शक जमा थे।

### आस्ट्रेलिया का पलड़ा द.अफ्रीका पर भारी

**दुबई।** आठवीं बार फाइनल में प्रवेश की कोशिश में जुटी आस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी तो उसका पलड़ा भारी रहेगा। आस्ट्रेलिया 2009 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में सभी नौ सत्रों में सेमीफाइनल खेल चुका है। छह बार की चैंपियन टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। दोनों के बीच 2023 सत्र का फाइनल खेला गया था जिसमें आस्ट्रेलिया ने 19 रन से जीत दर्ज की थी। आंकड़ों की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका टीम आस्ट्रेलिया के आगे कहीं नहीं ठहरती।

## खबर संक्षेप




### भारत के सैफ ट्रॉफी जीतने की संभावना

**काठमांडू।** भारत की सीनियर डिफेंडर आशालता देवी ने सैफ महिला चैंपियनशिप में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होने वाले शुरुआती मुकाबले से पहले बुधवार को कहा कि अब दक्षिण एशियाई क्षेत्र में फुटबॉल के स्तर काफी तेजी से सुधार हुआ है लेकिन उनकी टीम यहां खिताब जीत सकती है। पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार को होने वाला मुकाबला काफी अहमियत रखता है क्योंकि आशालता मैदान पर उतरते ही भारत के लिए 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली महिला फुटबॉलर बन जाएंगी।

### पर्थ में शुरू होगी एशेज टेस्ट श्रृंखला

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बुधवार को कहा कि आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज टेस्ट श्रृंखला वेस्टर्न आस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरू होगी।



पहला टेस्ट 21 से 25 नवंबर तक पर्थ में खेला जाएगा जबकि दूसरा टेस्ट चार से आठ दिसंबर तक ब्रिसबेन में होगा जो दिन रात का टेस्ट होगा। एडीलेड ओवल में तीसरा टेस्ट 17 से 21 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। मेलबर्न में पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर से और सिडनी में पांचवां टेस्ट चार से आठ जनवरी के बीच खेला जाएगा। एशेज इस समय आस्ट्रेलिया के पास है जिसने 2023 में इंग्लैंड में ड्रॉ खेला था।

### मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच होगा मैच

**नई दिल्ली।** मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच इंडियन सुपर लीग फुटबॉल का मुकाबला 11 जनवरी को होगा। आयोजकों ने 2024-25 सत्र के कार्यक्रम की पूरी सूची बुधवार को जारी की। कोलकाता के दो दिग्गज क्लबों के बीच दूसरे चरण का मुकाबला एक फरवरी को होगा जब मोहन बागान की टक्कर मोहम्मडन स्पोर्टिंग से होगी। मोहम्मडन और ईस्ट बंगाल का सामना 16 फरवरी को होगा। सारे मुकाबले विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में खेले जाएंगे।




# पहले खो खो विश्व कप की मेजबानी करेगी नई दिल्ली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले साल 13 से 19 जनवरी तक त्यागराज स्टेडियम में पहला खो खो विश्व कप आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह टूर्नामेंट भारत के स्वदेशी खेल को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का मौका है। टूर्नामेंट के घोषणा समारोह के दौरान टीम महाराष्ट्र और शेष भारत के बीच एक प्रदर्शनी मैच खेला गया जिसमें महाराष्ट्र 26-24 से विजयी रहा। समारोह के दौरान विश्व कप के आधिकारिक 'लोगो' (प्रतीक चिन्ह) और 'टैगलाइन' का भी अनावरण किया गया।

टूर्नामेंट में 24 देशों का प्रभावशाली लाइन अप होगा जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट में प्रत्येक डिविजन में 16 टीम होंगी जिससे दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, 'खो खो हमारे देश की मिट्टी का खेल है। इसलिए हमें इस खेल को मैदान पर लाने पर बहुत गर्व है। खो खो को अंतरराष्ट्रीय खेल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले महासंघ को बहुत धन्यवाद।'



## अखिल को विश्व कप फाइनल में कांस्य

**नई दिल्ली।** निराशाओं से भरे साल में निशानेबाज अखिल श्योराण ने बुधवार को आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स में कांस्य पदक जीतकर खुद को साबित किया जबकि अन्य भारतीय प्रतिभागी अपनी छाप छोड़ने में असफल रहे।आशी चौकसी और निश्चल दोनों महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स में पदक दौर में जगह नहीं बना सकीं जबकि ओलंपियन रिदम सांगवान 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में चीनी निशानेबाज के साथ तीसरे स्थान के शूट ऑफ में कांस्य पदक से चूकने के कारण बदकिस्मत रहीं।



## तेंदुलकर की मौजूदगी चैंपियन शिकागो के लिए बनी यादगार

एजेंसी ▶▶| डलास

चैंपियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप में शिकागो क्रिकेट क्लब को विजेता की ट्रॉफी प्रदान करके उनके लिए इसे यादगार पल बना दिया।

शिकागो ने डलास यूनिवर्सिटी में अटलांटा क्रिकेट क्लब को फाइनल में हराकर खिताब जीता। दुनिया भर में एनसीएल को ढाई अरब से अधिक लोगों ने देखा। तेंदुलकर ने शिकागो के मुख्य कोच रॉबिन उथप्पा को ट्रॉफी दी, दर्शकों से बात की, हाथ मिलाए और तस्वीरें भी खिंचवाईं। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट ने मुझे इतना कुछ दिया है और यहां डलास में फाइनल देखकर और ट्रॉफी विजेता को देकर बहुत अच्छा लग रहा है। लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य उज्जवल है।'




## म्हाम्ब्रे फिर बने मुंबई के गेंदबाजी कोच

**मुंबई।** भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे बुधवार को इसी भूमिका में फिर से पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन मुंबई इंडियंस से जुड़ गए। भारतीय टीम के साथ उनका गेंदबाजी कोच के तौर पर कार्यकाल इस साल भारत के टी20 विश्व कप जीतने के बाद जून में समाप्त हुआ था। मुंबई इंडियंस ने कहा कि म्हाम्ब्रे गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा और मुख्य कोच महेला जयवर्धने के साथ काम करेंगे। जयवर्धने दो साल के अंतराल बाद फिर से मुंबई इंडियंस से जुड़े थे।



टेस्ट क्रिकेट

## डकेट का शतक, इंग्लैंड ने 239 रन पर गंवाए 6 विकेट




एजेंसी ▶▶| मुल्तान

बेन डकेट के शानदार शतक के बावजूद इंग्लैंड का शीर्ष क्रम दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन पाकिस्तान के स्पिनरों के मुफीद पिच पर लड़खड़ा गया जिससे स्टंप तक पहली पारी में उसका स्कोर छह विकेट पर 239 रन रहा। इंग्लैंड की टीम पहली पारी के हिसाब से पाकिस्तान से 127 रन से पीछे है। पाकिस्तान की टीम लंच के तुरंत बाद पहली पारी में 366 रन पर सिमट गई। डकेट ने 129 गेंद में 114 रन की शतकीय पारी खेली जिससे इंग्लैंड की टीम ने दबदबा बनाया हुआ था लेकिन उसने पाकिस्तान के स्पिनरों साजिद खान (86 रन देकर चार विकेट) और नोमान अली (75 रन देकर दो विकेट) ने चार विकेट जल्दी जल्दी गंवा दिए। खान ने इंग्लैंड का बड़ा विकेट जो रूट (34 रन) के रूप में हासिल किया।

■ पहली पारी के हिसाब से पाकिस्तान से 127 रन से पीछे

फिर उन्होंने डकेट और हैरी ब्रुक (09) के विकेट चटकाए। हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले बेन स्टोक्स ने पांच गेंद में एक रन ही बनाया था कि वह अली की बाए हाथ की स्पिन के झांसे में आ गए और विकेट गंवा बैठे। स्टंप तक जेमी स्मिथ 12 और ब्रायडन कार्स दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

### शाकिब टेस्ट विदाई के लिए तैयार

**ढाका।** आलराउंडर शाकिब अल हसन घरेलू दर्शकों के सामने टेस्ट क्रिकेट में अपना आखिरी मुकाबला खेलने के लिए तैयार हैं और उन्हें सोमवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले मैच के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ कानपुर में दूसरे और अंतिम टेस्ट से पहले शाकिब ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर अपना अंतिम टेस्ट खेलने की इच्छा व्यक्त की थी, बशर्ते बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे। शाकिब पर एक छात्र की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया गया है, लेकिन बांग्लादेश का यह अनुभवी खिलाड़ी घटना के समय कनाडा में एक टी20 लीग में हिस्सा ले रहा था।

## एआईटीए जनवरी से मार्च 2025 के बीच आयोजित करेगा 13 टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय टेनिस संघ ने बुधवार को घोषणा की कि उसने 2025 सत्र में जनवरी से मार्च तक घरेलू कोर्ट पर 13 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना बनाई है जिसमें चार एटीपी चैलेंजर्स और एक डब्ल्यूटीए 125 टूर्नामेंट शामिल है जिनकी मिलाकर पुरस्कार राशि लगभग 10 करोड़ रुपए और 1100 रैंकिंग अंक हैं।

महिलाओं के लिए लगातार तीन आईटीएफ टूर्नामेंट जनवरी 2025 में कराए जाएंगे जिसकी शुरुआत 13 जनवरी से नई दिल्ली में 40,000 डॉलर के टूर्नामेंट से होगी। फिर 20 जनवरी से बेंगलुरु में 10,000 डॉलर राशि और पुणे में 70,000 डॉलर राशि का टूर्नामेंट खेला जाएगा। मुंबई में तीन फरवरी से एल एंड टी मुंबई ओपन के दूसरे चरण का आयोजन होगा। एआईटीए की विज्ञप्ति के अनुसार, 'इन चार टूर्नामेंटों से 350 से अधिक डब्ल्यूटीए अंक मिलेंगे और कुल पुरस्कार राशि 350000 अमेरिकी डॉलर होगी जो भारतीय महिला खिलाड़ियों के लिए अपने विकास में तेजी लाने का बड़ा मौका होगा।'



## महिला और मिश्रित युगल में भारतीय चुनौती समाप्त

एजेंसी ▶▶| ओडेन्से

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की एक बार फिर खराब शुरुआत हुई और बुधवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में महिला और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में देश की चुनौती समाप्त हो गई।

भारत की दोनों जोड़ियों को अपने शुरुआती मुकाबलों में तीन गेम में हार झेलनी पड़ी जिसमें त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी शामिल थे। त्रिसा और गायत्री एक घंटे 14 मिनट तक चले महिला युगल के शुरूआती दौर के मैच में एक गेम की बढ़त गंवाकर मलेशिया की पीयर्ली टान और मुरलीथरन थिनाह से 21-19, 17-21, 15-21 हार गईं। मिश्रित युगल में सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी कनाडा के केविन ली और इलियाना झांग से पहला गेम जीतने बावजूद एक घंटे दो मिनट में 22-20, 19-21, 22-24 से पराजित हो गईं। मंगलवार को 2021 विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन पुरुष एकल में पहले दौर में हारकर बाहर हो गए थे।



### टेस्ट : एक पारी में सर्वश्रेष्ठ 8 विकेट लेने का रिकॉर्ड आज भी कायम

# नीतू डेविड आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल

एजेंसी ▶▶| दुबई

टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (53 रन पर आठ विकेट) करने वाली भारत की पूर्व स्पिनर नीतू डेविड बुधवार को आईसीसी हॉफ ऑफ फेम में शामिल होने वाली देश की दूसरी महिला क्रिकेटर बनीं।

भारतीय महिला टीम की चयन समिति की मौजूदा अध्यक्ष नीतू को पूर्व कप्तान डाइना इडुल्जी को शामिल किए जाने के एक साल बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली है। बाएं हाथ की स्पिनर नीतू ने भारत के लिए 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच (10 टेस्ट और 97 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय) खेले। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 47 साल की नीतू 141 विकेट के साथ भारत की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज हैं। वह 50 ओवर के प्रारूप में 100 विकेट के आंकड़े को छूने वाली देश की पहली महिला गेंदबाज भी रहीं। विश्व कप 2005 की सबसे सफल गेंदबाज नीतू ने भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। नीतू ने कहा, 'आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होना बेहद सम्मान की बात है जिसे मैं राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने वाले किसी भी खिलाड़ी के लिए सर्वोच्च मान्यता मानती हूं।'




### डिविलियर्स और कुक भी सम्मानित

दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक को भी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली। कुक ने 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। डिविलियर्स ने 14 साल के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में तीनों प्रारूपों में 20 हजार से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने की क्षमता के लिए डिविलियर्स को 'मिस्टर 360' भी कहा जाता है। आईसीसी हॉल ऑफ फेम जनवरी 2009 में शुरू किया गया जो वैश्विक संचालन संस्था के शताब्दी समारोह का हिस्सा था।

## दुनियाभर में सांपों की हैं 3 हजार से ज्यादा प्रजातियां

# रसोई में मौजूद वो मसाला, जिससे डरते हैं सांप! आपके घर में है मौजूद, तो भाग जाएंगे दूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में हर साल हजारों लोगों की मौत सांपों से हो जाती है। ये आंकड़ा लगभग 40 हजार से लेकर 60 हजार के बीच है। ऐसे में लोगों के मन सांपों का डर बहुत ज्यादा होता है। लेकिन, आज हम आपको सांप के खतरे से बचाने के लिए कुछ उपाय बताने जा रहे हैं। आपको जानकर हैरानी हो रही होगी, लेकिन बता दें कि कुछ ऐसी चीजें भी हैं, जिनकी गंध से सांप दूर भाग जाते हैं।

बरसात का मौसम तो गुजर गया, लेकिन इसके बाद भी सांपों का खौफ हमारे मन में हमेशा बना रहता है। बारिश के बाद चारों तरफ हरी-हरी झाड़ियां उग आती हैं, जिनमें ये सांप छुप जाते हैं। गलती से भी कोई इनके आस-पास फटकता है, तो वो उसे काट लेते हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, दुनियाभर में सांपों की कुल 3 हजार से ज्यादा प्रजातियां हैं। हर साल ये सांप 55 से 60 लाख लोगों को काटते हैं। लेकिन, सर्पदंश से केवल 7 प्रतिशत लोगों की मृत्यु होती है। हालांकि, अगर सही समय पर इलाज किया जाए तो मौत को टाला जा सकता है।

### घर से ऐसे भगाएं सांपों को

बारिश के दौरान और उसके बाद ग्रामीण इलाकों में सांपों का प्रकोप भी बढ़ जाता है। ये सांप घरों में अपना आशियाना बना लेते हैं, जिनमें से कई जहरीले भी होते हैं। सांपों को भगाने के लिए कार्बोलिक एसिड के बारे में हर कोई जानता है। लेकिन आज हम आपको बाकी तरीकों के बारे में भी बताने जा रहे हैं। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि नींबू के रस में काली मिर्च का पाउडर मिलाकर कमरे के कोने में फैला देने से सांप आस-पास नहीं फटकते हैं।



### ये उपाय भी करें

इसके अलावा, यदि आप लहसुन में तेल मिलाकर एक दिन के लिए रख देते हैं, साथ ही इसे घर के चारों ओर छिड़क देते हैं, तो सांप घर के अंदर प्रवेश नहीं करेंगे। ऊपर दिए गए उपायों के अलावा नीम के तेल का उपयोग भी सांपों को भगाने में कर सकते हैं। अगर आप रोजाना नीम के तेल को पानी में मिलाकर पूरे घर में स्प्रे करेंगे तो सांप तो दूर रहेंगे। साथ आपको खटमलों से छुटकारा भी मिल जाएगा। साथ ही कैक्टस, स्नेक प्लांट, तुलसी का पेड़, लेमन ग्रास आदि जरूर लगाना चाहिए। इन पौधों को घर के मुख्य द्वार और खिड़कियों के पास लगाएं। इन पौधों की गंध से सांप घर के पास नहीं आएंगे।

### सावधानी बरतने की सख्त जरूरत

हालांकि, इन उपायों के अलावा कुछ सावधानियां भी बरतनी जरूरी होती हैं। जैसे कि अगर आपका घर खेतों या पेड़-पौधों के आस-पास है तो दरवाजे और खिड़कियां बंद रखें। साथ ही हमेशा बंद पड़े कमरों को भी देखते रहें, लेकिन इस दौरान टॉर्च अपने पास रखें। इन तमाम सावधानियों के बावजूद, अगर सांप काट ले तो प्राथमिक उपचार के तौर पर सबसे पहले काटे गए स्थान के ऊपर एक टाइट पट्टी लगा लें, ताकि रक्त संचार बाधित न हो।. इसके बाद तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल में जाकर इलाज करवाएं।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com